DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# 14 दिसंबर को फडणवीस कैबिनेट का विस्तार!

## कई दिग्गजों के कटेंगे नाम नए चेहरों को मिलेगा मौका



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में महायुति की नई सरकार का गठन हो गया है और अब कैबिनेट विस्तार की बारी है। लंबे मंथन के बाद बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी में मंत्रिमंडल बंटवारे के फॉर्मूले पर लगभग सहमति बन गई है। 14 दिसंबर को मंत्रिमंडल का विस्तार होने की संभावना है। महायुति की सरकार में बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस हैं। शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार डिप्टी सीएम हैं। महायुति सरकार ने सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया है। अब सभी की निगाहें महायुति गठबंधन के कैबिनेट विस्तार पर टिकी हैं।

### पोर्टफोलियो बंटवारे पर बन गई बात?

दरअसल, महाराष्ट्र में 16 दिसंबर से विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने जा रहा है। महायुति सरकार की कोशिश है कि सत्र शुरू होने से पहले मंत्रिमंडल गठन का काम पूरा कर लिया जाए। सूत्रों का कहना है कि महायुति में पावर शेयरिंग पर लंबा मंथन हुआ है और पोर्टफोलियो बंटवारे पर बैलेंस बनाने पर बात बन गई है। सूत्रों ने बताया कि महायुति के नए मंत्रिमंडल विस्तार में बड़े नामों को शामिल नहीं किया जाएगा। यानी बड़े और कुछ दिग्गज नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलेगी। अटकलें हैं कि पिछली कैबिनेट में कई दिग्गज नेताओं का खराब प्रदर्शन रहा है, जिसके कारण सरकार की साख गिरी है और विपक्ष को हमले करने का मौका मिला है। ऐसे में अलायंस पार्टनर्स इस बात पर सहमति जता रहे हैं कि ऐसे नेताओं को इस बार कैबिनेट से बाहर किया जाना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र के नए राज्य मंत्रिमंडल में साफ-सुथरी छवि वाले विधायकों को ही जगह दी जाएगी। विवादित नेताओं से दूरी बनाई जाएगी। एनडीए का केंद्रीय हाईकमान भी इस बात पर जोर दे रहा है कि पुराने दागी मंत्रियों को दोबारा कैबिनेट में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

### संभावितों की लिस्ट पहुंची दिल्ली

सरकार में शामिल सहयोगी दलों के संभावित मंत्रियों की लिस्ट दिल्ली पहुंच चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के संभावित मंत्रियों के नाम को हरी झंडी दे दी है।

### कौन-कौन मंत्रिमंडल से बाहर हो सकता है?



जिन संभावित नामों को बाहर किया जा सकता है, उनमें शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) से तीन प्रमुख मंत्रियों के नाम शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, FDA और जल संसाधन विभाग संभाल रहे संजय राठौड़, अल्पसंख्यक और विपणन विभाग से अब्दुल सत्तार और स्वास्थ्य विभाग से तानाजी सावंत को पद से हटाया जा सकता है।

### अजित गुट से कौन?

NCP (अजित पवार गुट) में दिलीप वाल्से पाटिल (सहकारिता विभाग) और हसन मुश्रीफ (चिकित्सा शिक्षा विभाग) को नए मंत्रिमंडल से बाहर जाने की संभावना है।

### BJP कोटे से किसे जगह नहीं?

बीजेपी में भी बदलाव होने की संभावना है। सुरेश खाड़े (श्रम विभाग) और विजय कुमार गावित (आदिवासी कल्याण विभाग) को भी मंत्रिमंडल से बाहर किया जा सकता है।

### कैबिनेट में 43 मंत्री हो सकते हैं

इस फेरबदल में तीनों गठबंधन सहयोगियों में कई नए चेहरे शामिल किए जाने की संभावना है। कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत 43 मंत्री शामिल हो सकते हैं। अभी 40 पोर्टफोलियो भरे जाने बाकी हैं। बीजेपी से 15, शिवसेना से 10 और एनसीपी से 9 नाम मंत्रिमंडल की दौड़ में चल रहे हैं।

फॉलो अप खबर

# बस नहीं यमदूत

## 7 की मौत 49 जख्मी



### मौत बन रौंदती चली गई बस

घटना के भयावह दृश्य सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए, जिसमें देखा जा सकता है कि एक बेकाबू बस ने पहले एक ऑटो को टक्कर मारी और फिर एक के बाद एक गाड़ियों को टक्कर मारती चली गई। कई पैदल यात्री और फेरीवाले भी बस की चपेट में आए गए। थोड़ी देर में ही सड़क पर लोगों की चीख-पुकार मच गई।

- ड्राइवर संजय मोरे की साजिश थी या हादसा?
- 8 दिन पहले थामी बस की स्टेयरिंग और सरे बाजार 7 लोगों को रौंदा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई के कुर्ला में सोमवार की रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस भयावह दुर्घटना में अबतक सात लोगों की जान चली गई, जबकि 42 लोग घायल हुए हैं। शुरुआती जांच में सामने आया कि यह हादसा बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाइ और ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) की एक बस के ब्रेक फेल होने के कारण हुआ। हालांकि, विशेषज्ञों ने वाहन का निरीक्षण किया ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसमें कोई यांत्रिक खराबी तो नहीं थी। वहीं मुंबई पुलिस ने मंगलवार को यहां एक अदालत को बताया कि उसे इसकी जांच करने की जरूरत है कि बेस्ट बस हादसे में बस चालक ने घटना को ''जानबूझकर'' तो अंजाम नहीं दिया और कहीं उसने वाहन को एक 'साधन' के तौर पर इस्तेमाल तो नहीं किया। इसके बाद अदालत ने चालक संजय मोरे (54) को 21 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### विपक्ष ने की SIT जांच की मांग

उद्धव ठाकरे की शिवसेना (UBT) ने पूरे मामले की जांच एसआईटी से कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं BJP नेताओं ने मांग की है कि सरकार 'वेट-लीज मॉडल' की समीक्षा करे जिसके तहत बसों को ड्राइवर सहित प्राइवेट ठेकेदारों से किराये पर लिया जाता है।

### पुलिस को साजिश का शक

पुलिस ने उसे एक मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया और उसे हिरासत में दिये जाने का अनुरोध करते हुए दलील दी कि कथित अपराध गंभीर है और इसकी एक गहन जांच करने की जरूरत है। पुलिस ने दलील दी कि उसे अपराध में आरोपी की मंशा की जांच करने की जरूरत है और यह भी कि क्या इसमें कोई साजिश थी। पुलिस ने अदालत से कहा कि उसे इस तथ्य की भी जांच करनी होगी कि क्या चालक ने अपने बस को एक ''साधन'' के रूप में इस्तेमाल किया और क्या उसने भीड़भाड़ वाले इलाके में लापरवाही से बस चलायी, जिससे यात्रियों और पैदल चलने वालों की जान जोखिम में पड़ी। उसने कहा कि यह जांच करना भी जरूरी है कि क्या आरोपी ने बस चलाने का प्रशिक्षण लिया था और क्या घटना के समय वह नशीले पदार्थों के प्रभाव में था। पुलिस ने यह भी कहा कि परिवहन विभाग ने अभी तक दुर्घटनाग्रस्त बस की जांच नहीं की है।

# फर्जी बम संदेश भेजने वाला 2 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार

- मध्य रेल, आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल, आरपीएफ टीम, चालीसगांव ने फर्जी बम संदेश भेजने वाले को 2 घंटे के भीतर ही पकड़ लिया। दिनांक 09.12.2024 को लगभग 21.16 बजे, पुलिस नियंत्रण हेल्पलाइन नंबर 112 को चालीसगांव रेलवे स्टेशन पर बम के बारे में मोबाइल फोन से संदेश मिला। सूचना तुरंत 21.28 बजे आरपीएफ पोस्ट को दी गई। आरपीएफ और जीआरपी की एक संयुक्त टीम ने चालीसगांव रेलवे स्टेशन की गहन तलाशी ली। आरपीएफ डॉग स्क्वायड मनमाड के स्निफर डॉग का भी उपयोग किया गया। 1 से 4 तक के सभी प्लेटफॉर्म की जांच की गई और कोई बम या आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों के साथ साझा की गई। मोबाइल फोन के लाइव लोकेशन की आगे की जांच से स्टेशन के पास उसके लोकेशन के साथ व्यक्ति का विवरण सामने आया। जलगांव से पुलिस की एक टीम और आरपीएफ डॉग स्क्वायड मनमाड ने कार्रवाई की और संदिग्ध को 23.20 बजे पकड़ा गया।

### मानसिक रूप से परेशान है आरोपी

मानसिक रूप से परेशान लग रहे आरोपी विकास एकनाथ पाटिल ने फर्जी संदेश भेजने की बात कबूल की। सिटी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनसी नंबर 1336/2024 दिनांक 10.12.2024 के तहत मामला दर्ज किया है। मध्य रेल आरपीएफ और सिटी पुलिस ने एक बार फिर अपनी सतर्कता और त्वरित जांच कौशल का परिचय देते हुए सिर्फ 2 घंटे के समय में मामले को सुलझा लिया।

# पूजा स्थल अधिनियम के समर्थन में एनसीपी पहुंची सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी | मुंबई/नई दिल्ली**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार (एनसीपी-शरद पवार) के एक विधायक ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम -1991 को बनाए रखने की मांग की है। महाराष्ट्र के मुंब्रा-कलवा से विधायक डॉ. जितेन्द्र सतीश आव्हाड ने शीर्ष अदालत से पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम-1991 को चुनौती देने वाली लंबित मामले में हस्तक्षेप करने की अनुमति देने की मांग की है।

### क्या है अर्जी में ?

एनसीपी (शरद पवार) के विधायक ने शीर्ष अदालत में दाखिल अर्जी में इस कानून की संवैधानिकता का समर्थन करते हुए कहा है कि 'धर्मनिरपेक्षता को बनाए रखने, सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय एकता को बाधित करने वाले तनाव को रोकने में इस अधिनियम की महत्वपूर्ण भूमिका है। अपने निर्वाचन क्षेत्र के इतिहास से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने अपनी अर्जी में कहा है कि मुंब्रा-कलवा 1992-93 के बंबई दंगों से विस्थापित लोगों के लिए शरणस्थली बन गया, जिससे सामाजिक और शारीरिक विभाजन पैदा हुआ। उन्होंने क्षेत्र में समुदायों के बीच विश्वास और एकता के पुनर्निर्माण के लिए चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि इस कानून में किसी तरह का बदलाव किया जाता है तो शांति की दिशा में उठाए जा रहे कदम कमजोर पड़ सकते हैं। अर्जी में कहा है कि 'स्वतंत्रता के तुरंत बाद, भारत को धार्मिक और सांप्रदायिक संघर्ष का सामना करना पड़ा जो धार्मिक स्थलों पर ऐतिहासिक विवादों से और भी बढ़ गया।




### 9 लाख शिकायतें बचाए 3431 करोड़ रुपये

### 7 लाख सिम कार्ड ब्लॉक

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्रालय के तत्वावधान में साइबर ठगी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। साइबर अपराध की 9 लाख शिकायतों में समय पर एक्शन लेते हुए लोगों के 3431 करोड़ रुपये बचा लिए हैं। इसके अलावा भारत सरकार ने पुलिस अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर 6.69 लाख से अधिक सिम कार्ड बंद कर दिए गए हैं। इतना ही नहीं 1,32,000 आईएमईआई को भी ब्लॉक कर दिया गया है।

### I4C के तहत मिली 9.94 लाख से अधिक शिकायतें

सरकार की सख्त कार्रवाई के बाद साइबर अपराधी, ठगी के नए नए तरीके इस्तेमाल करने लगे। I4C के तहत 9.94 लाख से अधिक शिकायतें मिली। ऑनलाइन साइबर शिकायतें दर्ज कराने में लोगों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर '1930' चालू किया गया है। I4C ने डिजिटल गिरफ्तारी के लिए उपयोग किए गए 1700 से अधिक स्काइप आईडी और 59,000 व्हाट्सएप खातों की सक्रिय रूप से पहचान की और उन्हें ब्लॉक कर दिया।

# अब तक 23 भगोड़े प्रत्यर्पित

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि, पिछले पांच वर्षों में कई देशों से कुल 23 भगोड़ों को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित किया गया है, जिसके दौरान भारत ने आतंकवादी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों समेत 178 ऐसे अनुरोध किए हैं। उन्होंने कहा विदेश मंत्रालय, जो प्रत्यर्पण मामलों के लिए नोडल प्राधिकरण है, से प्राप्त रिकॉर्ड के अनुसार, भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण के लिए भारत द्वारा 65 अनुरोध संयुक्त राज्य अमेरिका के अधिकारियों के विचाराधीन हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण के लिए कूटनीतिक प्रयास कर रही है।

# मेहुल चोकसी-PNB घोटाला मामले में बड़ा एक्शन

- पीड़ितों को लौटाई गई 125 करोड़ रुपये की संपत्ति

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



पंजाब नेशनल बैंक और ICICI बैंक को करोड़ों का चूना लगाकर देश छोड़कर भागे कारोबारी मेहुल चौकसी की संपत्तियों के खिलाफ बड़ा एक्शन हुआ है। मुंबई के प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के लिक्विडेटर को 125 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति सौंप दी है। ये संपत्तियां उनके असली मालिकों और चोकसी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले के पीड़ितों को वापस की गई हैं। मेहुल चोकसी मामले में बैंकों की ओर से कोर्ट में संपत्ति हैंडओवर के लिए एक आवेदन दायर किया गया था, ताकि धोखाधड़ी मामले में महत्वपूर्ण वसूली हो सकेगी। कोर्ट ने चोकसी से जुड़ी 2,565.90 करोड़ रुपये की संपत्तियों के मोनिटाइजेशन को मंजूरी दी है। चोकसी के पीएनबी घोटाले से 6,097.63 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उसने आईसीआईसीआई का भी कर्ज नहीं चुकाया है।

# महाराष्ट्र सरकार के हवाले दुर्गाडी किला

- 48 साल पुराने विवाद पर कोर्ट का फैसला
- मुस्लिम पक्ष का दावा खारिज

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र के ठाणे जिले में स्थित ऐतिहासिक दुर्गाडी किले को लेकर 48 साल से चल रहे विवाद पर कल्याण सेशन कोर्ट ने फैसला सुनाया है. कोर्ट ने इसे मंदिर घोषित करते हुए कहा कि किला सरकारी संपत्ति बना रहेगा। यह मामला पिछले 48 सालों से लंबित था। आखिरकार कल्याण सेशन कोर्ट ने इस मामले में आदेश जारी किया है कि ऐतिहासिक दुर्गाडी किला मस्जिद नहीं बल्कि मंदिर है। इसके बाद हिंदू संगठनों और शिवसेना के पदाधिकारियों ने कल्याण दुर्गाडी किले में दुर्गा देवी की आरती कर जश्न मनाया।

### 'दुर्गाडी किले पर मस्जिद नहीं मंदिर था'

कल्याण के दुर्गाडी किले पर एक मंदिर है, इसको कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायमूर्ति ए.एस। लांजेवार ने दुर्गाडी किले पर मंदिर के दावे को स्वीकार कर लिया है। मामले में याचिकाकर्ता और हिंदू फोरम के अध्यक्ष दिनेश देशमुख ने मंगलवार को दुर्गाडी किले में मीडिया को बताया कि कोर्ट ने कल्याण कोर्ट से मामले को वक्फ बोर्ड को ट्रांसफर करने के अन्य धर्मों के दावे को खारिज कर दिया है।

### 48 सालों से चल रही थी कानूनी लड़ाई

दरअसल, पिछले 48 सालों से दुर्गाडी किले में स्थित मंदिर की मस्जिद को लेकर दो धर्मों के बीच लड़ाई कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय में चल रही थी। पहले यह दावा ठाणे जिला न्यायालय में लंबित था, जिसके बाद कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय में दावा दायर किया गया था। याचिकाकर्ता दिनेश देशमुख ने कहा, 1971 में ठाणे जिला कलेक्टर ने घोषित किया था कि दुर्गाडी किले में एक मंदिर है। इसके बाद इस जगह को मंदिर की मस्जिद बताने के लिए जांच की अर्जी दायर की गई थी। इस दावे में एडवोकेट भाऊसाहेब मोदक ने केस की पैरवी की थी। मस्जिद में खिड़कियां नहीं हैं, यहां मंदिर की खिड़कियां हैं। यहां मूर्तियां रखने के लिए एक मंदिर (चौथारा) है। इसलिए सरकार ने घोषित किया था कि इस जगह पर एक मंदिर है। वहीं, 1975-76 में मुस्लिम समुदाय की ओर से ठाणे जिला न्यायालय में अर्जी दाखिल की गई थी कि दुर्गाडी किला मंदिर नहीं बल्कि मस्जिद है। इसके बाद दो साल तक यह दावा चलता रहा। इसके बाद यह दावा कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया। अन्य धार्मिक लोगों ने मांग की कि यह दावा कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय से वक्फ बोर्ड को स्थानांतरित कर दिया जाए। याचिकाकर्ता दिनेश देशमुख ने बताया कि न्यायालय ने इस मांग को खारिज कर दिया और सरकार के पहले के फैसले को स्वीकार करते हुए कहा कि दुर्गाडी किले पर मंदिर है।

मीरा रोड सांप्रदायिक हिंसा मामला

# हाई कोर्ट ने 14 आरोपियों को दी जमानत

**डीबीडी संवाददाता | मीरा रोड/मुंबई**

इस साल जनवरी में हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन मुंबई में हुई सांप्रदायिक हिंसा के मामले में बंबई उच्च न्यायालय ने गिरफ्तार 14 आरोपियों को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है और अब आरोपियों को जेल में रखना गलत होगा। बंबई उच्च न्यायालय ने अयोध्या में राम मंदिर अभिषेक की पूर्व संध्या पर मीरा रोड में हुई सांप्रदायिक हिंसा में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किए गए मुस्लिम समुदाय के 14 व्यक्तियों को जमानत देते हुए कहा कि उन्हें आगे हिरासत में रखना महत्वहीन प्रतीत होता है। इस मामले की सुनवाई करते हुए सोमवार को न्यायमूर्ति एन. जे. जामदार की एकल पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि इस वर्ष जनवरी में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह मनाने के लिए निकाली गई शोभा यात्रा में शामिल लोगों पर हमला करने की पूर्व नियोजित साजिश थी।

## ठाणे की सत्र न्यायालय ने जमानत देने से किया था इनकार



आरोपियों ने ठाणे जिले की एक सत्र अदालत द्वारा जमानत देने से इनकार किए जाने के बाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी 50 से 60 लोगों की उस भीड़ का हिस्सा थे, जिसने शिकायतकर्ता एवं अन्य लोगों को घेर लिया और नारे लगाने शुरू किए तथा उन पर हमला कर दिया।

## रैली के सदस्यों पर हमला पूर्व नियोजित था अनुमान नहीं लगाया जा सकता

बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिए अपने आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया यह दिखाने के लिए पर्याप्त सबूत होने चाहिए कि आरोपी गैरकानूनी जमावड़े में शामिल थे। पीठ ने यह भी कहा कि कथित घटनास्थल पर काफिले का प्रवेश संयोगवश हुआ था और इसलिए यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि रैली के सदस्यों पर हमला पूर्व-नियोजित था। अदालत ने कहा कि "इस मामले में 50-60 से अधिक लोगों द्वारा कथित दंगा किया गया था और उन आरोपियों का अपराध गैरकानूनी सभा के सदस्यों के रूप में उनकी पहचान पर निर्भर करता है, जिन्होंने समान उद्देश्य से कथित अपराध किया था तथा उन्हें विचाराधीन कैदियों के रूप में आगे हिरासत में रखना महत्वहीन प्रतीत होता है।"

## मामले की जांच पूरी हो चुकी


न्यायमूर्ति एन. जे. जामदार ने यह भी कहा कि किसी भी सीसीटीवी फुटेज में आरोपी व्यक्तियों को शिकायतकर्ता या किसी अन्य पर हमला करते हुए नहीं देखा गया है। अदालत ने कहा कि मामले की जांच पूरी हो चुकी है और आरोपियों की जड़ें समाज में जुड़ी होने के कारण उनके भागने की आशंका बहुत कम है। मामले की सुनवाई कर रही पीठ ने इस तथ्य पर गौर किया कि आरोपी जनवरी से ही हिरासत में हैं और मुकदमा जल्द ही समाप्त होने की संभावना बहुत कम है। इसलिए, आगे उन्हें हिरासत में रखना अनुचित होगा। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता और शस्त्र अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत आरोप है।

# फिल्म अभिनेता मुश्ताक खान को 12 घंटे बंधक बनाकर दी गईं यातनाएं

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

फिल्म अभिनेता मुश्ताक खान को मेरठ में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में बुलाने के बहाने अपहरण का शिकार होना पड़ा। उनके बिजनेस पार्टनर शिवम यादव ने बताया कि 20 नवंबर को दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद उन्हें एक गाड़ी में बैठाया गया, जो उन्हें मेरठ ले जाने वाली थी। लेकिन कार दिल्ली के बाहरी इलाकों, संभवत बिजनौर की तरफ मोड़ दी गई। अपहरणकर्ताओं ने मुश्ताक खान को लगभग 12 घंटे तक बंधक बनाकर रखा और 1 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी। जब वह पूरी रकम नहीं दे सके, तो उनके और उनके बेटे के खातों से 2 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए गए।

## बिजनेस पार्टनर शिवम यादव ने किया खुलासा



## मुश्ताक खान 12 घंटे तक बंधक बनाए रखा

सुबह के वक्त अज़ान की आवाज़ सुनकर मुश्ताक ने अनुमान लगाया कि पास में एक मस्जिद होगी। मौका देखकर वह उस घर से भाग निकले और मस्जिद में मदद मांगी। स्थानीय लोगों की सहायता से वह सुरक्षित वापस मुंबई पहुंच गए। शिवम यादव ने कहा कि उनके पास फ्लाइट टिकट, बैंक ट्रांसफर के सबूत और एयरपोर्ट के सीसीटीवी फुटेज मौजूद हैं। उन्होंने बिजनौर में एफआईआर दर्ज कराई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अपहरणकर्ताओं ने दो लाख रुपये ट्रांसफर कराए

इस घटना की तुलना हाल ही में कॉमेडियन सुनील पाल के साथ हुए अपहरण से की जा रही है। दोनों मामलों में काफी समानताएं हैं, जिससे यह संदेह पैदा होता है कि एक संगठित गिरोह इन घटनाओं के पीछे हो सकता है। फिल्म स्त्री 2 के अभिनेता मुश्ताक खान फिलहाल ठीक हैं और जल्द ही मीडिया को इस घटना पर बयान देंगे।

# वीपीएम के केएचएस और जूनियर कॉलेज में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

'टी' वार्ड के शिक्षा विभाग, द्वारा सहशालेय उपक्रम समिति के सहयोग से, 11 से 13 दिसंबर २०२४ तक वीपीएम कन्नड़ हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज, मुलुंड (पूर्व) में एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में वार्ड के भीतर 100 से अधिक स्कूलों के छात्रों के 230 से अधिक नए-नए परियोजनाएं प्रदर्शित की जाएंगी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 11 दिसंबर 2024 को सुबह 9 बजे उत्तर क्षेत्र, मुंबई के शिक्षा निरीक्षक डॉ. मुश्ताक शेख द्वारा किया जायेगा। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में छात्रों और शिक्षकों को अपने प्रोजेक्ट्स, मॉडल्स और शिक्षण उपकरण प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष श्रीराम कुलकर्णी, प्रमुख अतिथि संदीप गोस्वामी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण अहमदाबाद के पूर्व वरिष्ठ प्रोफेसर, खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी प्रो. अशोक नगरहल्ली का व्याख्यान होगा। इस वर्ष का विषय 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' है, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को वैश्विक चुनौतियों के लिए नए-नए पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करना है।

# अदालतों के लंबित 2330 मामले आपसी सहमति से हल

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ठाणे में मध्यस्थता प्रक्रिया जागरूकता शिविर आज ठाणे में जिला न्यायालय में आयोजित किया गया। शिविर में इस मुद्दे पर प्रसन्नता व्यक्त की गई जिला अदालतों के 2330मामले आपसी सहमति से ही हल कर लिए गए हैं।



## जागरूकता शिविर का आयोजन

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, मुंबई एवं मुख्य मध्यस्थता केंद्र, उच्च न्यायालय, बॉम्बे, साथ ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीनिवास अग्रवाल निर्देशन में आज मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ठाणे की तरफ से विधि सेवा सदन, ठाणे जिला न्यायालय में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था । उक्त शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में. जिला न्यायाधीश जी जी भंसाली, ठाणे जिला वकील संघ के उपाध्यक्ष सलिल भुटाला के साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के . सचिव महोदय, कार्यक्रम ईश्वर सूर्यवंशी की उपस्थिति में हुआ ।इस शिविर में पैनल वकीलों, मध्यस्थता वकीलों, सार्वजनिक रक्षकों, कानून के छात्रों और ठाणे जिले के अन्य नागरिकों ने भाग लिया। उक्त शिविर का शुभारम्भ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नवलसा द्वारा नालसा गीत एक मुट्ठी आसमा पर हक हमारा भी तो है के बाद किया गया। इस जागरूकता शिविर में जिला विधि सेवा प्राधिकरण सचिव ईश्वर सूर्यवंशी ने बताया कि वर्ष 2021 से, ठाणे जिला अदालतों ने मध्यस्थता प्रक्रिया के लिए 2295 लंबित मामलों और 35 मामलों को दायर करने से पहले कुल 2330 मामलों को मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से हल किया गया है। जबकि दोनों पक्ष न्यायिक रिमांड के तहत जेल में थे और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवेदक और प्रतियोगियों के बीच सफलतापूर्वक मध्यस्थता की और अकेले ही मध्यस्थता प्रक्रिया के महत्व और आवश्यकता को साबित किया।

## दर्शकों को मध्यस्थता पर मार्गदर्शन

तत्पश्चात् मुख्य वक्ता के रूप में जिला न्यायाधीश, ठाणे जी जी भंसाली ने दर्शकों को मध्यस्थता पर मार्गदर्शन दिया। जैसे एलआईसी का आदर्श वाक्य है ₹जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी, न्यायालय का आदर्श वाक्य भी हो सकता है ₹जन्म से पहले भी, मरने के बाद भी, क्योंकि जन्म से पहले किसी व्यक्ति के किये जाने वाले चिकित्सीय परीक्षण आदि पर न्यायालय का प्रतिबंध है। व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी कार्यवाही पर न्यायालय का अधिकार क्षेत्र है। साथ ही अपने ओरिएंटेशन भाषण में उन्होंने कहा कि ₹वकील की वर्दी ही वकील की पहचान होती है₹ क्योंकि मध्यस्थता प्रक्रिया में वकील मध्यस्थता की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। अपने अनुभव का लाभ उठाकर, वकील मध्यस्थ मध्यस्थता प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संचालित कर सकते हैं।

# झंडा दिवस निधि संग्रह शुरू , 75%लक्ष्य पूरा

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



भारतीय सेना के जवान चौबीसों घंटे हमारी सीमा की रक्षा कर रहे हैं। उनके प्रति आभार प्रकट करने के लिए सशस्त्र बलों ने झंडा दिवस कोष की अवधारणा लागू की है। इस फंड के जरिए सैनिकों/पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों की मदद की जाती है. इसलिए, ठाणे जिला डिप्टी कलेक्टर (सामान्य प्रशासन) हरिश्चंद्र पाटिल ने आज यहां अपील की है कि सरकारी कार्यालयों, जिम्मेदार नागरिकों को उदार हाथ से झंडा दिवस निधि में मदद करने की पहल करनी चाहिए। आज ठाणे जिले में सशस्त्र सेना झंडा दिवस 2024 निधि संग्रह का उद्घाटन समारोह मंगलवार को ठाणे कलेक्टोरेट के जिला योजना समिति हॉल में आयोजित किया गया। उस समय डिप्टी कलेक्टर पाटिल संबोधित कर रहे थे।

## ये रहे उपस्थित

इस मौके पर. कैप्टन वाई. के. राव, नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के सहायक पुलिस आयुक्त किशोर गायके, नौसेना लेफ्टिनेंट अभिषेक कुमार सिंह, ठाणे के तहसीलदार किशोर मराठे, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ठाणे/पालघर मेजर (सेवानिवृत्त) प्रांजल जाधव सहित विभिन्न कार्यालयों के प्रमुख उपस्थित थे ।डिप्टी कलेक्टर पाटिल ने कहा कि ठाणे जिले के लिए झंडा दिवस निधि संग्रह लक्ष्य पिछले साल पूरा किया गया था। इसके लिए प्रशासनिक कार्यालयों, परोपकारी व्यक्तियों और संगठनों ने योगदान दिया है। इस वर्ष भी ठाणे जिले को दिए गए लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी को बढ़-चढ़कर योगदान देना चाहिए।

## 07 दिसंबर को मनाया जाता है झंडा दिवस

पूर्व सैनिकों के कल्याण कार्यक्रमों के लिए 07 दिसंबर को पूरे देश में झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है और 07 दिसंबर से अगले वर्ष नवंबर तक धन एकत्र किया जाता है। आज इस दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में झंडा दिवस निधि संग्रहण का शुभारम्भ किया गया ।पिछले साल, ठाणे जिले को रु। झंडा दिवस निधि संग्रहण का लक्ष्य 1 करोड़ 84 लाख 80 हजार रूपये दिया गया था, जिसमें से 75 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। इस वर्ष भी रु. झंडा दिवस निधि संग्रह के लिए जिले को 1 करोड़ 84 लाख 80 हजार का लक्ष्य दिया गया है .साथ ही इस मौके पर जिले के पूर्व सैनिकों के बच्चे आदि भी मौजूद रहे . जिन बच्चों ने 10वीं में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, उन्हें सैनिक कल्याण विभाग के माध्यम से शॉल-श्रीफल, प्रमाण पत्र और 20 हजार रुपए का चेक देकर विशेष सम्मान दिया गया।

# विरार की चार दुकानों में लगी आग



**विरार** । शहर के पूर्व में स्थित साईनाथ नगर इलाके में भीषण आग लगने से पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। आग की खबर मिलते ही अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया। वहीं इस आगजनी में जान माल की हानि नहीं हुई है। बता दें कि विरार पूर्व स्थित साईनाथ नगर में एक हार की दुकान मालिक ने झाड़ मार कर कचरा जमा कर रखा था और उस कचरे को नष्ट करने के लिए आग लगाई थी। इसके बाद वह अन्य कामों में व्यस्त हो गया। यही आग फैलते गई और आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इतनी बढ़ गई कि कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं ये आग पहले चप्पल की एक दुकान मे लगी थी। इसके बाद फैलती हुई आग ने तीन से चार दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आगजनी की खबर मिलते ही मनपा का दमकल विभाग मौके पर पहुंचा और आग बुझाने की कवायत में जुट गया।

# कोर्ट को धोखा देने की कोशिश करने पर याचिकाकर्ता को लगी फटकार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

## 25 हजार का जुर्माना



बंबई उच्च न्यायालय ने अदालत की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश करने पर याचिकाकर्ता को फटकार लगाई। साथ ही याचिकाकर्ता पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। याचिका विजय फसाले की ओर से दायर की गई थी, जो किसी शिक्षण संस्थान में क्लर्क के रूप में काम करते हैं। न्यामूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति अश्विन भोबे ने पांच दिसंबर को फसाल की उस याचिका को खारिज किया, जिसमें मांग की गई थी कि सरकारी रिकॉर्ड में उनकी जन्मतिथि को जून 1968 से बदलकर 1972 करने की मांग की थी। उच्च न्यायालय ने फसाले के स्कूल रिकॉर्ड की जांच की, जिसके मुताबिक उन्होंने मई 1984 में 10वीं की परीक्षा पास की थी।अदालत ने कहा, अगर याचिकाकर्ता की जन्मतिथि को जून 1972 मान लिया जाए, तो इसका मतलब होगा कि उसने 12 वर्ष की आयु में 10वीं की परीक्षा पास की थी, जो यह साबित करता है कि उसने जून 1973 में पहली कक्षा में दाखिला लिया था, उस समय उसकी आयु केवल एक साल थी। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि फसाले को यह नहीं समझना चाहिए कि वह अदालत को धोखा देकर कोई आदेश हासिल कर सकते हैं।

की जाए, जिससे उनकी आयु चार साल कम हो जाए। याचिकाकर्ता फसाले सांगली जिले के एक शिक्षण संस्थान में जून 1997 से क्लर्क के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी

# शास्त्रीनगर स्वास्थ्य केंद्र की जगह पर भूमाफियाओं का कब्जा

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

शास्त्रीनगर नं. 1 में स्वास्थ्य केंद्र की खाली जगह पर भूमाफियाओं ने अवैध दुकानों का निर्माण कर दिया है। मुख्यमंत्री के विशेष निधि से वरिष्ठ नागरिकों के लिए व स्वास्थ्य केंद्र को बनाने के लिए मंजूरी मिली है। इस विषय को लेकर मनपा आयुक्त, उपायुक्त, वर्तकनगर सहायक आयुक्त के पास कई बार पूर्व नगरसेवक हणमंत जगदाले ने लिखित शिकायत किया है। इस विषय को लेकर आज वर्तक नगर प्रभाग समिति में स्थानीय रहिवासियों ने जमकर आंदोलन किया।



पूर्व नगरसेवक हणमंत जगदाले ने कार्रवाई के लिए प्रभाग समिति कार्यालय पर किया आंदोलन

# अयप्पा सेवा समिति के 38वें मंडल पूजा समारोह का आयोजन सम्पन्न

**डीबीडी संवाददाता | मीरारोड**



अयप्पा सेवा समिति, मीरारोड ने 6 से 8 दिसंबर 2024 तक भक्ति, धूमधाम और भव्यता के साथ अपने 38वें मंडल पूजा समारोह का आयोजन किया गया। 3 दिवसीय वार्षिक उत्सव विभिन्न पूजा, मंत्रोच्चार, भजन कार्यक्रम आदि के साथ एक शानदार आयोजन था। इसका समापन पारंपरिक रथ यात्रा और विशाल जुलूस के साथ हुआ है। हजारों भक्तों ने समारोह में भाग लिया। उत्सव की शुरुआत 6 दिसंबर पहले दिन थिरुवोणम नक्षत्रम के साथ हुई,दूसरे दिन 7 दिसंबर को अविटम नक्षत्रम के साथ नियमित पूजा और तीसरे और अंतिम दिन यानी 8 दिसंबर को चतयम नक्षत्रम के साथ कई गतिविधियां हुईं। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण भगवान अयप्पा की मूर्ति के साथ जुलूस था। इस अवसर पर बोलते हुए अयप्पा सेवा समिति, मीरारोड के अध्यक्ष सी ए वीरामणी अय्यर ने कहा, 'कई साल पहले एक छोटी सी पूजा के रूप में शुरू हुआ यह उत्सव अब स्वामी अयप्पा के आशीर्वाद से एक वार्षिक उत्सव का रूप ले चुका है और हर साल भक्तों की संख्या बढ़ रही है।

# एनपीसीआईएल के सीएसआर फंड से कुंभवली का होगा विकास

**डीबीडी संवाददाता | मीरारोड**

पालघर : तारापुर स्थित भारत सरकार उपक्रम न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) की तारापुर अणुशक्ति केन्द्र की सामाजिक जवाबदारी की भुमिका के अंतर्गत सीएसआर फंड से स्वीकृत धनराशि द्वारा कुंभवली गांव के सड़कों के निर्माण का भूमिपूजन सह निदेशक (उ.से.) और अध्यक्ष सीएसआर फंड पी.के. मिश्रा के हाथों किया गया।

## 'स्वास्थ्य के क्षेत्र में मदद करना हमारी पहली प्राथमिकता'



बता दें कि पालघर तालुका की ग्रामपंचायत कुंभवली की ओर से गांवों में जारी विकसित योजनाओं के बीच कुछ आधे-अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए ग्रामपंचायत द्वारा एनपीसीआईएल से किये गये दरख्वास्त के उपरांत सीएसआर फंड से स्वीकृत किये गये धनराशि द्वारा कुंभवली-एकलारे,त्रेपन्न नगर,गजानन नगर,रामजी नगर,जयराम नगर,गणपत नगर गांवों के विकास की नई शुरुआत हो रही है। जिले के विकास के लिए कृतसंकल्पित एनपीसीआईएल सीएसआर फंड के अध्यक्ष पी.के. मिश्रा ने भूमिपूजन के पश्चात उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में मदद करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए कई योजनाओं शुरू है। शिवसेना प्रमुख कुंदन बा.संखे ने एनपीसीआईएल द्वारा गांवों की मदद के लिए उठाए गये कदम की सराहना करते अधिकारियों को बधाई के पात्र बताया ।वहीं सरपंच एड.तृप्ति संखे ने सड़क के निर्माण में मिले सहयोग के लिए अधिकारियों का आभार जताया।



मानव अधिकार दिवस पर मुंबई विश्वविद्यालय के विधि विभाग व नागरिक शास्त्र एवं राजनीति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मानवाधिकार के क्षेत्र में वर्तमान घटनाक्रमः भारत-अमेरिका सहयोग के अवसर विषय पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का आयोजन मुंबई विश्वविद्यालय के कलीना परिसर स्थित फिरोजशाह मेहता भवन और रिसर्च सेंटर में किया गया था। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में यूएसए के टेक्सास के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन और टेक्सास के पूर्व अटॉर्नी जनरल जॉन स्कॉट हिस्सा लिया था। विधि विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ अल्का पाटिल के नेतृत्व में यह संगोष्ठी आयोजित की गई थी।

# टीएमसी ने 1780 नल कनेक्शन काटे, 3354 को नोटिस

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



ठाणे नगर निगम के बकाया पानी बिल की वसूली के लिए जल आपूर्ति विभाग ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस अभियान में पूरे नगर निगम क्षेत्र में 1780 नल कनेक्शन तोड़े गए और 152 मोटर पंप जब्त किए गए हैं। साथ ही कुल 50 पंप रूम को सील कर दिया गया है और 3354 बकायेदार उपभोक्ताओं को बकाया वसूली के लिए नोटिस भेजा गया है।। इस जल बिल संग्रहण अभियान में अब तक लगभग 59 ।43 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है। बताया जाता है कि ठाणे नगर निगम के पानी बिल की राशि करीब 224 करोड़ रुपये है। जिसमें से 76 करोड़ रुपये बकाया है और चालू वर्ष की बिल राशि 148 करोड़ रुपये है। जल बिल का बकाया भुगतान नहीं करने पर नल कनेक्शन काटने और जलापूर्ति बंद करने की कार्रवाई की गयी है। ।नगर निगम आयुक्त सौरभ राव ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिये हैं।

# घर खरीदने का सुनहरा मौका

## म्हाडा कोकण बोर्ड ने आवेदन की तारीख बढ़ाई

**दीपक पवार | मुंबई**



मुंबई समेत महाराष्ट्र में घर खरीदने का सुनहरा मौका है। महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (MHADA) के कोंकण हाउसिंग और एरिया डेवलपमेंट बोर्ड ने अपनी लॉटरी के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है।अब आवेदनकर्ताओं को 24 दिसंबर 2024 रात 11:59 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

### अब तक 6,000 से अधिक लोग सूचना स्टॉल्स पर पहुंचे

MHADA की मुख्य अधिकारी, रेवती गायकवाड़ ने जानकरी देते हुए बताया कि हाल ही में राज्य विधानसभा चुनावों के लिए लागू मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के कारण लॉटरी के प्रचार अभियान में बाधा आई थी। लेकिन अब कोड समाप्त हो गया है, और MHADA एक विशेष अभियान चला रहा है ताकि प्रतिक्रिया बढ़ सके। इस अभियान के तहत अपार्टमेंट बिक्री के लिए पहले आओ, पहले पाओ की प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्य अधिकारी, रेवती गायकवाड़ ने बताया कि इस अभियान ने काफी ध्यान आकर्षित किया है, और अब तक 6,000 से अधिक लोग सूचना स्टॉल्स पर पहुंचे हैं, जबकि 301 व्यक्तियों ने अपार्टमेंट के लिए आवश्यक भुगतान किया है।

### 11 अक्टूबर 2024 से शुरू हुई थी आवेदन की प्रकिया:

कोकण बोर्ड के हाउसिंग लॉटरी के लिए आवेदन प्रक्रिया 11 अक्टूबर 2024 से शुरु हो गई थी। तारीख बढ़ने के बाद इच्छुक उम्मीदवार लॉटरी में भाग लेने के लिए अपनी आवेदन पत्र 24 दिसंबर 2024 की रात 11:59 बजे से पहले जमा कर सकते हैं। आवेदन पोर्टल 24 दिसंबर को 11:59 बजे बंद हो जाएगा।

### 26 दिसंबर तक डिपॉजिट का करना होगा भुगतान:

आवेदन के बाद उम्मीदवारों को 26 दिसंबर 2024 तक ऑनलाइन डिपॉजिट का भुगतान करना होगा, जबकि RTGS/NEFT के माध्यम से भुगतान करने का विकल्प उसी दिन व्यवसायिक घंटों के भीतर उपलब्ध होगा।

# 5,000 कर्मचारियों की मनपा को वापसी का इंतजार

## चुनावी ड्यूटी के बाद अब तक काम पर नहीं लौटे कई कर्मचारी, मनपा ने दी चेतावनी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

राज्य में विधानसभा चुनाव समाप्त हुए और नई सरकार का गठन भी हो गया, लेकिन मुंबई महानगरपालिका (मनपा) के कई कर्मचारी, जो चुनावी ड्यूटी पर तैनात थे, अभी तक अपनी नियमित ड्यूटी पर नहीं लौटे हैं। मनपा के 5,000 से अधिक कर्मचारियों की गैरहाजिरी के कारण विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहा है। ऐसे में मनपा ने संबंधित कर्मचारियों को नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के भीतर काम पर लौटने का आदेश दिया है।



### 60,000 कर्मचारी थे चुनाव ड्यूटी पर तैनात

मुंबई मनपा के कुल 60,000 कर्मचारियों को विधानसभा चुनाव की विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई थीं। इनमें मतदाता सूचियों का प्रबंधन, नए पंजीकरण, मतदान प्रक्रिया और मतगणना जैसे कार्य शामिल थे। चुनावी प्रक्रिया सफलतापूर्वक समाप्त हो गई है, लेकिन कई कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर लौटने में देरी कर रहे हैं।

### 5,000 कर्मचारी अभी भी अनुपस्थित

चुनावी कार्य के समापन के बावजूद मनपा के 5,000 से अधिक कर्मचारी अब तक काम पर नहीं लौटे हैं। इससे विभिन्न विभागों, जैसे नागरिक सेवाओं, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के कामकाज में रुकावट आ रही है।

### मनपा की चेतावनी

मनपा प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि ये कर्मचारी एक सप्ताह के भीतर काम पर नहीं लौटते, तो उनके वेतन में कटौती की जाएगी। मनपा ने अपने नोटिस में कहा कि कर्मचारियों की अनुपस्थिति से जनता को असुविधा हो रही है, और विभागीय कामकाज ठप पड़ा है।

### कर्मचारियों से अपील

मनपा अधिकारियों ने कर्मचारियों से जल्द से जल्द काम पर लौटने और अपने कर्तव्यों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चुनावी ड्यूटी के बाद कर्मचारियों को नियमित ड्यूटी पर लौटना आवश्यक है, ताकि नागरिक सेवाएं सुचारू रूप से चल सकें। मुंबई मनपा कर्मचारियों की अनुपस्थिति प्रशासन के लिए चुनौती बन गई है। मनपा द्वारा वेतन कटौती की चेतावनी कर्मचारियों को जिम्मेदारी का एहसास कराने का एक सख्त कदम है। समय पर काम पर लौटने से न केवल विभागीय कार्य सामान्य होंगे, बल्कि नागरिकों को भी राहत मिलेगी।

**मध्य रेल**

**ई-नीलामी के लिए सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पुणे मंडल ने नीचे दी गई संपत्ति के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। **कार्य विवरण: 1)** बारामती रेल स्टेशन के परिचालित क्षेत्र में ग्लो साइन बोर्ड/पेंटेड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने का अनुबंध। **नीलामी सूची क्र.:** बीआरएमटी-आरडीएन-एनडी-24। **नीलामी की तारीख और समय:** 17/12/2024 को 12:00 बजे. **2)** शिवाजीनगर और पिंपरी रेल स्टेशन पर पेंटेड/ग्लोसाइन बोर्ड (आरडीएन-नॉन डिजिटल) प्रदर्शित करने का अनुबंध। **नीलामी सूची क्र.:** एसव्हीजेआर-पीएमपी-आरडीएन-24। **नीलामी की तारीख और समय:** 20/12/2024 को 12:00 बजे. **3)** कोल्हापुर रेल स्टेशन के प्लैटफॉर्म क्र. 1-4 और कॉनकोर्स क्षेत्र में पेंटेड और ग्लोसाइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करना (कुल क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट)। **नीलामी सूची क्र.: केओपी-आरडीएन-24 नीलामी की तारीख और समय:** 21/12/2024 को 12:00 बजे. अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ. Sai/22

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

# मुंबई में देवेंद्र फडणवीस से मिले गौतम अडाणी

## महाराष्ट्र सीएम बनने के बाद यह पहली मुलाकात

**मुंबई** । देश के मशहूर उद्योगपति और अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के नवनियुक्त मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात फडणवीस के दक्षिण मुंबई स्थित 'सागर' बंगले में हुई। एक सूत्र ने बताया कि अदाणी की ओर से यह शिष्टाचार भेंट थी। वह फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हो सके थे, इसलिए मंगलवार को उनसे मिलने अधिकारिक आवास पहुंचे थे। देवेंद्र फडणवीस ने 5, दिसंबर को दक्षिण मुंबई के विशाल आजाद मैदान में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पद का शपथ लिए थे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के अलावा महायुति गठबंधन के हजारों समर्थक मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह में फिल्म अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान, रणबीर कपूर और माधुरी दीक्षित, क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर और उद्योगपति मुकेश अंबानी भी शामिल हुए थे।

### उद्योग और रोजगार के मुद्दे पर हुई चर्चा



सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस मुलाकात के दौरान दोनों के बीच उद्योग और रोजगार के मुद्दे पर चर्चा हुई। वर्तमान समय में महाराष्ट्र में कई परियोजनाओं की प्लानिंग चल रही है। नवी मुंबई में निर्माणाधीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट की जिम्मेदारी भी अडाणी ग्रुप के पास है। यह हवाई अड्डा अगले कुछ महीनों में यात्री यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। इसके अलावा, मुंबई की बहुचर्चित धारावी पुनर्विकास योजना भी अडाणी समूह के पास ही है। हालांकि दोनों के बीच क्या बातचीत को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

**पश्चिम रेलवे**

**पथ और जल निकासी का विकास**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 आमंत्रित करता है **निविदा सूचना संख्या:** बीसीटी/24-25/230 **दिनांक:** 09/12/2024. **कार्य और स्थान:** वसई रोड:- प्लेटफॉर्म संख्या 5 और 7 (केवल सिविल भाग) के लिए त्वरित जल आपूर्ति सुविधाओं के विस्तार के संबंध में दक्षिण में चलने वाली ट्रेन की शुरुआत/समापन के लिए वसई रोड स्टेशन पर कोचिंग सुविधाओं के लिए पथ और जल निकासी का विकास. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.1,25,08,800.87. **ईएमडी:** रु. 2,12,600.00 **जमा करने की तिथि और समय:** 03.01.2025, 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि और समय:** 03.01.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in 0825

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**विभिन्न मरम्मत कार्य**

**कार्य का विवरण: (1)** वेल्डिंग संयंत्रों की मरम्मत, विभिन्न निर्माण [मात्रा 20] **अनुमानित लागत:** ₹ 6,72,600/-. **निविदा प्रपत्र का शुल्क:** कुछ नहीं। **ईएमडी:** ₹ 13,500/-. **समापन अवधि:** 90 दिन। **अंतिम तिथी:** 31/12/2024. **(2)** परेल वर्कशॉप में जलापूर्ति पाइपलाइन की मरम्मत। **अनुमानित लागत:** ₹ 30,53,931.09. **निविदा प्रपत्र का शुल्क:** कुछ नहीं। **ईएमडी:** ₹ 61,100/-. **समापन अवधि:** 06 महिने। **अंतिम तिथी:** 07/01/2025. **उपरोक्त ई-निविदाएं जमा करने की तिथि संबंधित समापन तिथियों के अनुसार 17:00 बजे** तक होगी। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की आधिकारीक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**ई-निविदा सूचना क्र. (1) PR-AEE-38-24-25-689 दिनांक 06/12/2024. (2) PR-EN-22-23-621E दिनांक 07/12/2024.** 603

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

# किसी भी VVPAT पर्ची और EVM नंबर में विसंगति नहीं: मुख्य चुनाव अधिकारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्येक सीट में पांच वीवीपैट पर्चियों की गिनती की जानी थी, ताकि इनकी संख्याओं का मिलान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के आंकड़ों से किया जा सके। उन्होंने बताया कि 23 नवंबर को सभी 288 सीटों में वीवीपैट पर्चियों की गिनती की गई और कुल 1445 वीवीपैट पर्चियां गिनी गईं। इस प्रक्रिया के दौरान सभी पर्चियां ईवीएम के आंकड़ों से मेल खाती हुई पाई गईं और किसी भी वीवीपैट पर्ची और ईवीएम नंबर में कोई भी विसंगति नहीं पाई गई। चुनाव नतीजों में महायुति की भारी जीत के बाद विपक्षी दलों ने ईवीएम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे। इन दलों का कहना था कि ईवीएम में गड़बड़ी हो सकती है।




**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

सहायक आयुक्त का कार्यालय, एम/ई वार्ड, द्वितीय तल, एम ईस्ट वार्ड ऑफिस बिल्डिंग,
एम.टी. कदम मार्ग, गोवंडी, मुंबई-400 043
टेली.न. (कार्यालय) : 02225502270/76

**सं. पीसीओ/एम/ई/75 /ए दिनांक : 25.11.2024**

**सूचना**

एम-ईस्ट वार्ड में भवन निर्माण स्थलों पर पांच महीने **(114 दिन)** के लिए कीटनाशक उपचार प्रदान करने के लिए स्वयंसेवक उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत सहकारी/बेरोजगार सेवा सहकारी संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

इच्छुक संस्थाओं को आवेदन पत्र डाउनलोड करना चाहिए बीएमसी पोर्टल http://portal.mcgm.gov.in पर या कीट नियंत्रण अधिकारी के कार्यालय में संपर्क करें, (कार्यालय पता - कीट नियंत्रण अधिकारी का कार्यालय, 4वीं मंजिल, आर.नं.405, एम ईस्ट वार्ड कार्यालय बिल्डिंग, एम.टी. कदम मार्ग, गोवंडी, मुंबई - 400043, टेली नं. 02225502270/76).

कीट नियंत्रण अधिकारी के कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि कार्य दिवसों में दोपहर 2.00 बजे से पहले 20/12/2024 है।

पीआरओ/1919/विज्ञा./2024-25

सही/-
**सहायक आयुक्त**
एम ईस्ट वार्ड

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

### जहां से हारे पृथ्वीराज चव्हाण, वहां की पंचायत ने पास किया प्रस्ताव

# मरकटवाड़ी के बाद एक और गांव में एवीएम का बहिष्कार

## चुनावों में मतपत्रों के प्रयोग का प्रस्ताव पारित



**मुंबई/सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में कोलेवाड़ी ग्राम सभा ने भविष्य में होने वाले सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया है। इसी के साथ महाराष्ट्र में कोलेवाड़ी ईवीएम के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने वाला दूसरा गांव बन गया है। कोलेवाड़ी गांव कराड (दक्षिण) विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इस विधानसभा का पूर्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण प्रतिनिधित्व करते थे। पृथ्वीराज चव्हाण को पिछले महीने हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (BJP) के उम्मीदवार अतुल भोसले से 39,355 मतों से हार का सामना करना पड़ा था।

### कोलेवाड़ी से पहले कहां उठी ईवीएम के खिलाफ आवाज

कोलेवाड़ी के लोगों की ओर से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से किए गए मतदान पर संदेह व्यक्त करने के बाद यह प्रस्ताव पारित किया गया है। इससे कुछ दिन पहले सोलापुर के मालशिरस विधानसभा सीट के मरकडवाड़ी गांव के लोगों के एक वर्ग की ओर से ईवीएम की विश्वसनीयता पर संदेह व्यक्त करते हुए मतपत्रों का उपयोग करके 'मॉक' पुनर्मतदान की कोशिश की थी। प्रशासन और पुलिस ने उनके प्रयास को विफल कर दिया था और इसे लेकर उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए।

### कोलेवाड़ी ग्राम में प्रस्ताव हुआ पारित

कोलेवाड़ी ग्राम प्रधान रत्नमाला पाटिल के पति शंकरराव पाटिल ने मंगलवार को कहा कि ग्राम सभा की बैठक में ग्रामीणों की इस भावना कि आगामी चुनाव मतपत्र से कराए जाएं न कि ईवीएम से। पाटिल ने कहा कि ग्रामीण इस बात को लेकर अचंभित थे कि विधानसभा चुनाव में चव्हाण कोलेवाड़ी में अपेक्षित वोट हासिल करने में असफल रहे। एक ग्राम सेवक ने भी प्रस्ताव पारित किए जाने की पुष्टि की।

### ईवीएम के बजाय मतपत्रों से चुनाव की मांग

ग्रामीण ने कहा कि कोलेवाड़ी ग्राम सभा ने एक प्रस्ताव पारित कर कहा है कि भविष्य में चुनाव ईवीएम के बजाय मतपत्रों के माध्यम से कराए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को लोगों की इस 'सामूहिक मांग' को देखते हुए मतपत्र प्रणाली पर वापस लौटना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन मतपत्र के जरिये मतदान की अनुमति नहीं देता है तो हम मतदान का बहिष्कार करेंगे। सतारा के जिला कलेक्टर जितेंद्र दूदी ने कहा कि उनके कार्यालय को ग्राम पंचायत से कथित प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। दूदी ने कहा कि चूंकि हमे प्रस्ताव नहीं मिला है इसलिए इस पर टिप्पणी करना सही नहीं होगा।

**पश्चिम रेलवे**

**आरसीसी ओएच टैंक उपलब्ध कराना**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008. आमंत्रित करता है **ई-टेंडर सूचना संख्या: बीसीटी/24-25/229 दिनांक: 09.12.2024. कार्य और स्थान: विरार - जोरवासन खंड:-** एडीईएन/वलसाड के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पुराने जीर्ण-शीर्ण आरसीसी भंडारण टैंक के बदले में 3 आरसीसी ओएच टैंक उपलब्ध कराना. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.3,36,11,326.58. **ईएमडी:** रु.318100/-. **जमा करने की तिथि और समय:** 03.01.2025, 15:00 बजे तक. **खुलने की तिथि और समय:** 03.01.2025 को 15:30 बजे.अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं. 0824

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मुंबई रेलवे विकास निगम लिमिटेड**

निविदा के लिए निवेदन: **MRVC/W/301-R/OHE/KYN-BUD**

**(दो लिफाफा ई- प्रोक्योरमेंट निविदा प्रक्रिया)**

मुंबई रेलवे विकास निगम लिमिटेड (एमआरवीसी), कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन बिल्डिंग, मुंबई-400020 द्वारा **"एमयूटीपी-फेज 3ए के तहत मुंबई डिवीजन सेंट्रल रेलवे के कल्याण-बदलापुर सेक्शन (चेनेज 54800-69400) के बीच प्रस्तावित तीसरी और चौथी लाइन के संबंध में अवरोध को हटाने और कल्याण-बदलापुर सेक्शन में चिखलोली स्टेशन के निर्माण के लिए ओएचई कार्य के डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य दो लॉट में"** के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। " निविदा और निविदा दस्तावेज का विवरण ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app** पर उपलब्ध है। वेबसाइट **https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app** पर पूर्ण ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **08.01.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक है। शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।**

**वसई-विरार शहर महानगरपालिका**

**प्रभाग समिती ''अे''**

महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम 1949 चे अधिनियम 467, प्रकरण मधील 1 (1) व 1 (2) अन्वये जाहीर नोटीस खालील मालमत्तेच्या हस्तांतरण संबंधाने वसई-विरार शहर महानगरपालिका विभागीय कार्यालय विरार प्राप्त झालेल्या मालमत्ता धारकांच्या प्रकरणपत्वे नोटीसनुसार सदर हस्तांतरण संदर्भाने कोणत्याही हितसंबंधाने हरकत अगर आक्षेप असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून 7 दिवसांचे आत हितसंबंधकाने हरकतीच्या लेखी पुराव्यासह वसई-विरार शहर महानगरपालिका विभागीय कार्यालय बोळींज येथे लेखी स्वरूपात हरकत नोदवावी अन्यथा सोयीसाठी सदर हस्तांतरण करून महागरपालिका मध्ये याबाबतची नोंद घेतली जाईल.

| अ क्र | दिनांक | मालमत्ता क्र. | वॉर्ड क्र. | मालमत्तेचे ठिकाण | ज्यांचे नावे मालमत्ता आहे त्यांचे म्हणजे मालमत्ता विकणा-याचे नाव किंवा अभिहस्तांकन कत्यांचे नाव | खरेदीखताचे किंवा अभिहस्तांकन करत्यांचे नाव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 19-09-2024 | VR24/148/64 | 24 | विनय पॅलेस, ई-02 विराट नगर विरार पं. | मिनल चंद्रमोहन पारकर व चंद्रमोहन भिवा पारकर | रमेशचंद्र बन्सी विश्वकर्मा व ललिता रमेशचंद्र विश्वकर्मा |
| 2 | 26-09-2024 | VR14/50/5 | 14 | रिशीराज अपार्टमेंप्ट रूम नं. 102, डोंगरपाडा, भंडार आळी | सुधिर गंगाराम रामाणे / मंगेश ग. रामाणे | नदीम बशीम शेख |
| 3 | 26-09-2024 | VR26/6/47 | 26 | एम बी कुंज, रूम बी- 304 एम बी इस्टेअ | बटुकलाल डी सोलंकी | मगनभाई धरमसिंह सोलंकी |
| 4 | 18-10-2024 | VR17/708/507 | 17 | बच्छराज लाईफस्पेस डी विंग 1607 वाय के नगर, ग्लेबलसिटी | गौरी भुषण नारकर व भुषण अशोक नारकर | तिरथ सुरेख पारेख व हिना तिरथ पारेख |
| 5 | 18-10-2024 | VR17 / 708/518 | 17 | बच्छराज लाईफस्पेस डी विंग 9805 वाय के नगर, ग्लेबलसिटी | निलेश बस्तीमल जैन | विशाल रमेश शाह व निकी विशाल शाह |
| 6 | 22-10-2024 | VR24/10/10 | 24 | विराटनगर विरार (प.) | घनश्याम भरोचा | सुमनदेवी रामआशिष मदेशिया व अरविंदराम आशिष मदेशिया |
| 7 | 22-10-2024 | VR11/21/19 | 11 | वृषभ अपार्टमेंट बी- 205 | शंकर शिवा परमार | सनिलकुमार चंद्रिका चौधरी / गुडिया सु. कुमार चौधरी |
| 8 | 22-10-2024 | VR11/74 /23 | 11 | अविनाश अपार्ट | गणपतीप्रसाद फतेराम गैरोला | रामप्रकाश गणपतीप्रसाद गैरोल |
| 9 | 15-10-2024 | VR15 / 454/8 | 15 | हर्षछाया शॉप नं. 8 चिखलडोंगरी रोड | लवकुश तिवारी | माया हरिश्चंद्र धोबी |
| 10 | 16-10-2024 | VR17/677/945 | 17 | एकता पार्क्सविले, लिंकन पार्क, बि.नं.8, रूम नं. बी / 805 | तुफील इब्राहीन मोमीन | राजीव शिवाजी सिंग |
| 11 | 25-11-2024 | VR15/604/19 | 15 | साई सावली ए विंग रूम नं.503 एचडीआयएल रेसिडेन्सी पार्क | धनश्री राहूल धामनेस्कर | संदीप मोहब्बत यादव |
| 12 | 25-11-2024 | VR10/198/1/2 | 10 | साई सिल्वहर सॅन्ड सो, बि विंग विराटनगर पी पी मार्ग | समसुद्दीन हसन शेख | परिमल पोशाणतो पारुई |
| 13 | 26-11-2024 | VR27/76/4 | 27 | श्रीपाल सॉलिस्टर नं. 2, रूम नं. जी-6 कलावती मंदिर रोड, | कमल जी. कदम | अशोक जगजीवनदास टेलर व हितेंद्र ज. टेलर |
| 14 | 26-11-2024 | VR15/616/17 | 15 | व्दारका अपार्टमेंन्ट, कोलवडी राधाकृष्ण तलाव मंदिर | मोरया कंस्ट्रक्शन | शितल दिनेश पाटील |
| 15 | 26-11-2024 | VR15/648/21 | 15 | नारायण अपार्ट, रूम नं. 206 राधाकृष्ण मंदिर रोड | जय मल्हार डेव्हलपर्स | लालू मोंडल |
| 16 | 26-11-2024 | VR27/102/6 | 27 | जिवदानी दर्शन बी- रूम नं. 11 विवा कॉलेज रोड | पराग पी घडीया | देवीलाल भेमजी पंडया व नीता देवीलाल पंडया |
| 17 | 26-11-2024 | VR15 / 648/2 | 15 | नारायण अपार्ट, रूम नं. 02 राधाकृष्ण मंदिर रोड | जय मल्हार डेव्हलपर्स | प्राजक्ता जयप्रकाश पाटील |
| 18 | 26-11-2024 | VR15/616/19 | 15 | व्दारका अपार्टमेंन्ट, कोलवडी राधाकृष्ण तलाव मंदिर रोड, डोंगरपाडा | कामिनी उत्तम निकम | सुरज वसंत लोटेकर |
| 19 | 26-11-2024 | VR10/207/19 | 10 | रॉयल पॅलेस बी विंग, रूम नं. 108 | जयराज बाबाजी साटम | जिग्रा देवेंद्र मकवाना व देवेंद्र वि मकवाना |
| 20 | 26-11-2024 | VR17/634/20 | 17 | जयश्रीनगर नारंगी डोंगरपाडा जिवदानी दर्शन चाळ चाल नं. 04 | जय जिवदानी बिल्डर्स | सचिन महादेव घाटकर |

जा.क्र. वविशम/बोळींज/बो-कर/457/2024-25
दिनांक : 10/12/2024

हस्ता.
**(शशिकांत पाटील)**
प्र. सहा-आयुक्त
वसई विरार शहर महानगरपालिका

संपादकीय

# अपनों का कत्ल

यूं तो हर रोज कई ऐसी खबरें विचलित करती हैं, जिसमें इंसानी रिश्तों का कत्ल होता है। लेकिन कुछ घटनाएं इतनी हृदयविदारक व वीभत्स होती हैं कि हर संवेदनशील व्यक्ति दुख व करुणा से स्तब्ध रह जाता है। पिछले दिनों दिल्ली की उस घटना ने विचलित किया, जिसमें आक्रोशित युवक ने पिता,मां व बहन की हत्या गुस्से में आकर कर दी। वहीं शनिवार को हरियाणा के शाहबाद की उस घटना ने हर किसी को झकझोरा, जिसमें पैसे के लेन-देन को लेकर कुछ लोगों द्वारा उत्पीड़ित किए जाने पर एक व्यक्ति ने अपने माता-पिता, पत्नी की निर्मम हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। उसने कोशिश तो अपने किशोर पुत्र की हत्या की भी की लेकिन संयोगवश वह बच गया। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद जो सुसाइड नोट मिला है, उसमें अपनों की हत्या करने वाले व्यक्ति ने आठ लोगों द्वारा रुपयों के लेन-देन के लिये उत्पीड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज भी किया है। अब भले ही हत्यारे व्यक्ति को रुपयों के लेन-देन को लेकर विकट स्थितियों का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन उसे इससे जन्म देने वाले माता-पिता व पत्नी की हत्या करने का अधिकार तो नहीं मिल जाता। आखिर उसके परिजनों का क्या कसूर था जिन्हें अकारण उसने मौत के घाट उतार दिया। दरअसल, ऐसे मामलों में अकसर देखने में आता है कि विकट परिस्थितियों में बेहद तनाव की स्थितियों से गुजर रहा व्यक्ति इतना हताश हो जाता है कि अपने प्रियजनों को किसी अपमानजनक स्थिति से बचाने के लिये उनकी जीवन लीला समाप्त करना अंतिम विकल्प समझ लेता है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि कई व्यक्ति वास्तविक आर्थिक स्थितियों का आकलन किए बिना ऐसे कदम उठा लेते हैं कि उसकी प्रतिपूर्ति करना मुश्किल हो जाता है। दरअसल संकट से गुजरते व्यक्ति में मुश्किल हालातों से मुकाबले का ऐसा धैर्य ही नहीं रहता है कि उससे उबारने का रास्ता खोज सके। ऐसे में मौत को गले लगाना ही उसे अंतिम विकल्प नजर आता है। दरअसल, हमारे समाज में आज महत्वाकांक्षाओं और भौतिक संसाधन जुटाने का इस कदर जुनून हावी है कि आसन्न संकट का आकलन किए बिना व्यक्ति कर्ज के जाल में फंस जाता है। वहीं दूसरी ओर हमारे समाज में आर्थिक लिप्साओं के उफान के दौर में लोग इतने संवेदनहीन हो चले हैं कि व्यक्ति की दुखती रग पर हाथ रखकर भयादोहन करने लगते हैं। निश्चित रूप से ये विकट स्थितियां मानवीय मूल्यों के पराभव को भी दर्शाती हैं। शाहाबाद की हृदय विदारक घटना के लिये जिन लोगों को दोषी बताया जा रहा है, उन्होंने भी इतना रहम नहीं दिखाया कि यह परिवार उजड़ने से बच जाए। चंद रुपयों को वसूलने के क्रम में लोग किस हद तक गिर सकते हैं, यह घटनाक्रम उसकी बानगी है। एक समय था कि लोग ऐसे संकट में फंसे व्यक्ति की मदद के लिये खड़े होते थे। हमारा सामाजिक स्वरूप ऐसा था कि गांव-मोहल्ले के लोग एक-दूसरे का दुख-दर्द बांट लेते थे। आज हर तरफ लोग पैसे के पीर बन गए हैं। शहरों में लोगों में ऐसी संवेदनशीलता नजर नहीं आती है कि दूसरे व्यक्ति या परिवार को संकट में फंसा देखकर आर्थिक संबल देकर या मनोबल बढ़ाकर उसे सांत्वना दें। ऐसे में जब व्यक्ति अपनी व अपने परिवार की मर्यादा व सम्मान गर्दिश में देखता है, तो वह आत्मघात को संकट का आखिरी समाधान मान लेता है। यह नये दौर की सामाजिक विकृति ही है कि अपनों का कत्ल करने से कोई गुरेज नहीं करता। सवाल यह भी है कि संकट कितना बड़ा क्यों न हो, आखिर कैसे कोई जन्म देने वाली मां का कत्ल कर सकता है? कैसे उस पिता को मार देता है, जिसने उसका जीवन सींचा है? कैसे उस पत्नी की हत्या कर देता है जिसकी रक्षा का संकल्प उसने सात फेरे लेते वक्त लिया था? निस्संदेह, समाज में पनपती यह संवेदनहीनता, निर्ममता, क्रूरता हमारे समाज विज्ञानियों के लिये मंथन का विषय है। आखिर क्यों किसी सभ्य समाज में ऐसी विकृतियां पनप रही हैं? यह हमारे समाज के लिये खतरे की घंटी है। जिसे सुना जाना चाहिए।

# सीरिया के तख्तापलट से मध्यपूर्व में नया संकट

रूस, ईरान, तुर्की, इराक, मिस्र, जॉर्डन, सऊदी अरब और कतर ने दोहा में सीरिया का 'राजनीतिक समाधान' निकालने का आह्वान करते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया है। दूसरी ओर, सीरिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद ग़ाज़ी अलजलाली ने स्वतंत्र चुनाव कराये जाने की मांग की है।

दमिश्क में पूर्व राष्ट्रपति हफ़ीज़ अल असद के बुत उठाये जा रहे हैं। तानाशाहों के ताज उछाले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन का दावा है कि इस्राइल द्वारा 'ईरान और हिजबुल्लाह पर किए गए प्रहार' का सीरियाई क्रांति पर सीधा प्रभाव पड़ा है। लेकिन इस्राइल को चिंता बफर ज़ोन की है। सीरियाई विद्रोही कब्ज़ा न करें, इस वास्ते इस्राइली बलों को आदेश दिया है वो सतर्क रहें। ईरान का आरोप है कि यह सारा खेल अमेरिका, इस्राइल और तुर्किये का रचा हुआ है। लेकिन, यदि यह त्रिगुट आइसिस और अल क़ायदा की विचारधारा पर चलने वाले हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) को प्रोमोट करता रहा है, तो मानकर चलिए कि मिडल ईस्ट में एक ख़तरनाक़ खेल हुआ है। इस खेल का नाम था 'ऑपरेशन डिटरेंस ऑफ़ एग्रेशन'।

'एचटीएस' को यहां तक पहुंचने में बारह साल लगे। पहले इसे 'अल-नुसरा फ्रंट' के नाम से जाना जाता था। जबात अल-नुसरा का गठन 2012 में आइसिस द्वारा किया गया था। एक साल बाद यह गुट अलग हो गया, और फिर जबाहत फतेह अल-शाम नाम रखकर अल-कायदा के प्रति निष्ठा की घोषणा कर दी। कालांतर में इसने अल-कायदा से भी संबंध तोड़ लिए, और 2017 में हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) नाम से अपनी ब्रांडिंग शुरू कर दी। 'एचटीएस' इदलिब को नियंत्रित करता है। उत्तर-पश्चिम सीरियाई शहर इदलिब विद्रोहियों का एपिसेंटर रहा है, जहां दूसरे आतंकी समूह, 'लिवा अल-हक़', 'जबात अंसार अल-दीन' और 'जैश अल-सुन्ना' इससे जुड़ गए।

सीरिया की सीमा उत्तर में तुर्की, पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम में लेबनान और इस्राइल, पूर्व में इराक, और दक्षिण में जॉर्डन से लगती है। मानकर चलें कि जब तक सीरिया में चुनाव होकर एक निर्वाचित सरकार नहीं आ जाती, यह पूरा इलाक़ा डिस्टर्ब रहेगा। सीरिया की राजधानी में इराकी दूतावास की इमारत को खाली करा लिया गया है, और कर्मचारियों को लेबनान भेज दिया गया है। यह इराक द्वारा सीरिया के साथ अपनी सीमा को बंद करने, और दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हयात तहरीर अल-शाम विद्रोही समूह के सदस्यों द्वारा हमला किए जाने के बाद हुआ है। रूस, ईरान, तुर्की, इराक, मिस्र, जॉर्डन, सऊदी अरब और कतर ने दोहा में सीरिया का 'राजनीतिक समाधान' निकालने आह्वान करते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया है। दूसरी ओर, सीरिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद ग़ाज़ी अलजलाली ने स्वतंत्र चुनाव कराये जाने की मांग की है।

लेकिन सबसे बड़ा सवाल है, रूस मिडल-ईस्ट से अपना मिलिटरी बेस हटाता है, कि



नहीं? सीरिया के लताकिया प्रांत में रूस के खमीमिम एयरबेस और तटीय नगर पर टार्टस में इसकी नौसैनिक सुविधा है। टार्टस मिडल ईस्ट में रूस की एकमात्र भूमध्यसागरीय मरम्मत और पुनःपूर्ति केंद्र है। मास्को के लिए यह वैसा बेस है, जहां से उसके मिलिटरी कॉन्ट्रैक्टर अफ्रीका में स्थित ठिकानों पर उड़ानें भरते हैं। बशर अल असद की वजह से रूस को टार्टस में एक नौसैनिक अड्डा और खमीमिम में एक सैन्य हवाई अड्डा हासिल हुआ था। बदले में मॉस्को की सेना 2015 में सीरियाई संघर्ष में सैन्य रूप से शामिल हो गई, जिसने खूनी गृहयुद्ध में विपक्ष को कुचलने के

**पुष्परंजन**

लिए असद की सेना को सहायता प्रदान की। हमीमिम एयरबेस और टार्टस हटाने के लिए, क्या एक और युद्ध होगा? इस सवाल को हम यहीं छोड़े जाते हैं।

14 अप्रैल, 2018 को रूसी बलों द्वारा समर्थित सीरियाई सरकार ने लंबे समय तक घेराबंदी और भारी बमबारी के बाद पूर्वी घोउटा पर फिर से कब्ज़ा कर लिया। 31 दिसंबर, 2020 को असद सरकार ने अलेप्पो पर भी नियंत्रण हासिल कर लिया, जो युद्ध में एक बड़ा मोड़ था। 26 मई, 2021 को बशर अल-असद को सीरिया के राष्ट्रपति के रूप में चौथी बार फिर से चुना गया, चुनाव की निष्पक्षता की अंतर्राष्ट्रीय आलोचना के बावजूद उन्हें 95.1 प्रतिशत वोट मिले।

सीरिया 14 वर्षों से गृहयुद्ध की चपेट में है। सीरिया में जो कुछ हुआ है, वह सभी एशियाई और अरब तानाशाहों के लिए एक चेतावनी होनी चाहिए। विस्थापित सीरियाई नागरिकों का रिएक्शन अमेरिका-यूरोप में जिस स्केल पर दिखा उससे ही समझ में आ जाता है, गृहयुद्ध में उलझा मिडल ईस्ट कितना तबाह हुआ है। विपक्ष समर्थक सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, मार्च 2011 और मार्च, 2024 के बीच 164223 नागरिक मारे गए। इस संख्या में सरकारी जेलों में मारे गए अनुमानित 55,000 नागरिक शामिल नहीं हैं। भारत ने हाल ही में सीरिया के साथ द्विपक्षीय संबंधों को नवीनीकृत करने के प्रयास शुरू किए थे। फ़रवरी 2023 में विनाशकारी भूकंप के बाद 'ऑपरेशन दोस्त' के नाम से भारत ने सीरिया को मानवीय सहायता भेजी थी, जबकि पश्चिमी देश ऐसा करने के लिए अनिच्छुक थे। भारत ने असद शासन को हटाने के लिए विदेशी हस्तक्षेप का विरोध किया था। भारत और सीरिया ने 29 नवंबर, 2024 को नई दिल्ली में विदेश कार्यालय परामर्श का छठा दौर आयोजित किया था। सीरिया में करीब 90 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें से 14 संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न संगठनों में काम कर रहे हैं। इस समय उनकी सुरक्षा भी हमारे लिए ज़रूरी है।

**जीवन मंत्र** अमृत साधना

# मन रे जागत रहिए भाई

> जो लोग बिना थके निरंतर काम करते रहते हैं, दरअसल उनके अंदर चक्रों की शक्ति काम करती है। लेकिन इसके लिए मन का जागना बहुत जरूरी है। इसलिए जागते रहिए।

मन रे जागत रहिए भाई/ गाफिल होई बसत मति खोवै, चोर मुसै घर जाई/ षट चक्र की कनक कोठरी, बस्त भाव है सोई। यह बात कही है संत कबीर ने, स्वयं से ही। वह अपने ही मन से कह रहे हैं कि जागते रहो भैया! गाफिल मत रहो। गाफिल रहे, तो मति भ्रष्ट होगी और भीतर चोर घुस आएगा। कबीर किस चोर की बात कर रहे हैं? ओशो बहुत बढ़िया समझाते हैं। वह कहते हैं, चोर है इंसान की बेहोशी, असावधानी। जो भी आपको प्रतिक्रिया में ले जाए, वह सभी चोर है। किसी ने गाली दी और आप प्रभावित हो गए, पलटकर आपने



उसे गालियां दीं, तो मानो चोर भीतर घुस गया, अब यह चोर आपको नुकसान पहुंचाएगा। गाली देने वाला आपको कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता था, उसकी कोई सामर्थ्य न थी। लेकिन आपने चोर को भीतर बुला लिया। आप क्रोधित हो गए। अब नुकसान तो होगा।

किसी ने सम्मान किया, सम्मान में कोई खतरा नहीं है। लेकिन आप अकड़ गए, आपमें अहंकार आ गया। चोर भीतर घुस गया! चोर आपके कारण भीतर घुसता है, किसी दूसरे के कारण नहीं। इस प्रकार देखें, तो पल-पल हम बाहर से प्रभावित होते रहते हैं। अपनी चाबी हमने दूसरों के हाथ में दे रखी है। हमारा स्वयं पर भरोसा नहीं है, इसलिए दूसरों की राय महत्वपूर्ण हो गई है। इसलिए कबीर अपने मन को समझा रहे हैं, उससे प्यार से बात कर रहे हैं कि मेरे भाई, जागे रहना। मन से लड़कर कोई जीत नहीं पाया। मानव मन बहुत ही शक्तिशाली है, लेकिन प्यार से उसे मनाया जा सकता है।

एक और कुंजी छिपी है इस दोहे में। हमारे शरीर के भीतर छह चक्र हैं, जो बड़ी ताकत रखते हैं, जिनके भीतर छिपी है चेतना। ये चक्र बहुत मूल्यवान हैं, इसलिए इसे कहा है- कनक कोठरी, यानी सोने की कोठरी। ये छह चक्र इस स्थूल शरीर के हिस्से नहीं हैं। इस शरीर के भीतर जो छिपा है, उस सूक्ष्म शरीर के हिस्से हैं। इन छह चक्रों के कारण ही आप ऊर्जावान हैं। इन छह 'डायनेमोज' द्वारा आपके भीतर ऊर्जा पैदा हो रही है, जैसे 'डायनेमो' पैदा करता है बिजली को। लेकिन इन चक्रों को जगाना पड़ता है, अन्यथा वे सोये रहते हैं। जब ये छह चक्र ठीक-ठीक सक्रिय हो जाते हैं, तब मानव के जीवन में बड़ी ऊर्जा का आविर्भाव होता है। तब आप अनथके जीते हैं। तब आपके भीतर एक बाढ़ होती है ऊर्जा की। फिर उसे कितना ही बांटो, घटती नहीं। तब आप सतत तरोताजा रहते हैं।

जो लोग बिना थके निरंतर काम करते रहते हैं, दरअसल उनके अंदर चक्रों की शक्ति काम करती है। लेकिन इसके लिए मन का जागना बहुत जरूरी है। इसलिए जागते रहिए।

**शख्सियत** **विश्वनाथन आनंद**

# शतरंज के ग्रैंडमास्टर



विश्वनाथन आनंद, जिन्हें प्यार से विशी कहा जाता है, शतरंज की दुनिया का एक ऐसा नाम है, जो प्रतिभा और मेहनत का प्रतीक है। 11 दिसंबर 1969 को चेन्नई, तमिलनाडु में जन्मे आनंद ने न केवल शतरंज में अपार सफलता हासिल की बल्कि भारत को वैश्विक शतरंज मानचित्र पर स्थापित किया।

आनंद ने शतरंज खेलना मात्र 6 साल की उम्र में शुरू किया। उनकी मां ने उन्हें इस खेल से परिचित कराया। छोटी उम्र में ही उनकी तेज सोच और त्वरित चालों ने उन्हें लाइटनिंग किड का खिताब दिलाया।

आनंद ने कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 1984 में, 15 साल की उम्र में, वे अंतरराष्ट्रीय मास्टर का खिताब पाने वाले सबसे युवा भारतीय बने। 1988 में, उन्होंने ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल किया और यह उपलब्धि पाने वाले पहले भारतीय बने। यह क्षण भारतीय शतरंज के लिए ऐतिहासिक था और इससे देशभर के युवाओं को प्रेरणा मिली। आनंद ने अपने करियर में कई उपलब्धियां हासिल कीं, जिनमें सबसे खास हैं उनके पांच विश्व शतरंज चैम्पियनशिप खिताब (2000, 2007, 2008, 2010, और 2012)। वे उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने विश्व चैंपियनशिप को अलग-अलग प्रारूपों में जीता है - नॉकआउट, टूर्नामेंट, और मैच प्ले। गैरी कास्पारोव, व्लादिमीर क्रामनिक और मैग्नस कार्लसन जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ उनके मुकाबले शतरंज की दुनिया में यादगार रहे हैं। विश्वनाथन आनंद को भारत के सबसे बड़े सम्मान मिले हैं। उन्हें पद्मश्री (1987), पद्मभूषण (2000) और पद्मविभूषण (2007) से सम्मानित किया गया। वे राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार (1991-92) पाने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। आनंद की उपलब्धियां सिर्फ उनके खिताब तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने भारत में शतरंज को लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई और नई पीढ़ी को इस खेल के प्रति प्रेरित किया। उनकी सादगी, खेल भावना और कड़ी मेहनत उन्हें न केवल शतरंज प्रेमियों के लिए बल्कि हर खेलप्रेमी के लिए आदर्श बनाती है। आनंद की पत्नी अरुणा आनंद हमेशा उनके साथ खड़ी रही हैं। दंपति का एक बेटा है, जिसका नाम अखिल है। विश्वनाथन आनंद का करियर कई दशकों तक फैला हुआ है। वे शतरंज की दुनिया के एक महानायक हैं और उनके संघर्ष व मेहनत की कहानी हर किसी को प्रेरित करती है।


**जीवन ऊर्जा**

ओशो : जन्म 11 दिसंबर 1931 **जन्म**

# खुशी ऊंचाई देती है, उदासी जड़ें देती हैं

> ओशो, जिनका असली नाम रजनीश था, 11 दिसंबर 1931 को मध्यप्रदेश के कुचवाड़ा में जन्मे थे। वे एक प्रसिद्ध भारतीय गुरु, ध्यान शिक्षक और आध्यात्मिक नेता थे। ओशो ने 19 जनवरी 1990 को पुणे में मृत्यु प्राप्त की। उनका दर्शन आज भी विश्वभर में प्रचलित है।

साहस अज्ञात के साथ प्रेम संबंध है। जीवन वहीं से शुरू होता है जहां डर खत्म होता है। रचनात्मकता अस्तित्व में सबसे बड़ा विद्रोह है। खोज मत करो, मत खोजो, मत पूछो, मत खटखटाओ, मत मांगो। आराम करो। दर्द से बचने के लिए, वे सुख से बचते हैं। मृत्यु से बचने के लिए, वे जीवन से बचते हैं। सितारों को देखने के लिए एक निश्चित अंधकार की आवश्यकता होती है। सत्य कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे बाहर खोजा जाए, यह कुछ ऐसा है जिसे अंदर महसूस किया जाए। दुनिया में सबसे बड़ा डर दूसरों की राय से है। प्यार लक्ष्य है; जीवन यात्रा है। प्यार में पड़ने पर, आप एक बच्चे की तरह रहते हैं; प्यार में



बढ़ते हुए, आप परिपक्व होते हैं। जीवन बिना सोचे-समझे खुद को दोहराता है - जब तक आप सचेत नहीं हो जाते, यह एक पहिये की तरह दोहराता रहेगा। यथार्थवादी बनें: चमत्कार की योजना बनाएँ। आप बदलती दुनिया में किसी भी चीज़ से चिपके नहीं रह सकते। दोस्ती सबसे शुद्ध प्रेम है। यह प्रेम का सर्वोच्च रूप है जहां कुछ भी नहीं मांगा जाता। दुःख गहराई देता है। खुशी ऊंचाई देती है। उदासी जड़ें देती है। खुशी शाखाएं देती है। जीवन को हर संभव तरीके से अनुभव करें - अच्छा-बुरा, कड़वा-मीठा, अंधेरा-उजाला, गर्मी-सर्दी। प्रत्येक व्यक्ति एक विशिष्ट नियति के साथ इस दुनिया में आता है। जीवन विश्राम और गति के बीच एक संतुलन है। ध्यान ही दुनिया का एकमात्र जादू है। जिस क्षण आप खुद को स्वीकार करते हैं, आप सुंदर बन जाते हैं। थोड़ी मूर्खता, जीवन का आनंद लेने के लिए पर्याप्त है, और गलतियों से बचने के लिए थोड़ी समझदारी।

**सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश**



# लंगोट बचाने की कीमत

एक महात्मा जी का अंतिम समय आ गया था। शिष्य ने उनसे पूछा गुरुवर आप कोई अंतिम संदेश दीजिए। गुरु ने आंखें खोली और इतना कहा मेरे शिष्य जिंदगी में तुम सब करना पर बिल्ली मत पालना। इतना कहते ही गुरु श्री चरणों में विलीन हो गए। व्याख्या नहीं कर पाए की बिल्ली क्यों नहीं पालना। शिष्य हैरान परेशान पूरे शास्त्र उठा कर देख लिया। कहीं भी बिल्ली मत पालना सूत्र नहीं मिला। सब तरह के शास्त्रों में सारी जिज्ञासाओं का निदान मिला, पर बिल्ली से संबंधित कहानी किसी शास्त्र में वर्णन नहीं मिला। शिष्य भी कहा हार मानने वाला था वह भी तलाशता रहा कि आखिर मेरे गुरु यह क्यों कह गए कि बिल्ली मत पालना। तलाशते-तलाशते वह एक बुजुर्ग से मिला। बुजुर्ग से उन्होंने पूछा कि मुझे शास्त्र में सारे सूत्र मिले, पर मेरे गुरु का बिल्ली मत पालना वाला सूत्र किसी शास्त्र में नहीं मिला। बुजुर्ग कहने लगे मुझे तुम्हारे गुरु का कहानी का सूत्र मालूम है। तू सुन और ठीक ही कहा तेरे गुरु ने की कभी बिल्ली मत पालना, क्योंकि बिल्ली पाल कर ही तेरा गुरु बर्बाद हुआ। शिष्य ने



कहा बताइए इस सूत्र का राज। उसे बुजुर्ग ने कहा तेरा गुरु सन्यासी हुआ सब कुछ छोड़कर जंगल गया और सिर्फ दो लंगोट अपने साथ ले गया, लेकिन एक झंझट आ गई। लंगोट धोकर डालता और कुछ समय बाद देखता कि वह लंगोट चूहा काट जाते। अब झंझट आ गई लंगोट दो और वह भी चूहे काट जाएं। उसने गांव में लोगों से पूछा की बड़ी मुसीबत है यह चूहे मेरी लंगोट काट जाते हैं।

मैं क्या करूं गांव वालों ने सलाह दी की एक काम करें, बिल्ली पाल लें अब चूहे से लंगोट काटने को बचने के लिए तेरे गुरु ने बिल्ली पाली, लेकिन मामला यहां नहीं रूका। आगे चला आए दिन बिल्ली खड़ी हो जाती कि मुझे दूध दो नहीं तो मैं चली अब क्या करें। बिल्ली जाए तो लंगोट फिर कटने की समस्या होने लगे। गांव वाले भी कहने लगे गुरुजी रोज-रोज हम आपको बिल्ली के लिए कहां तक दूध देंगे। ऐसा करें दूध के लिए गाय पाल लें, सब गाँव वालों ने मिलकर एक गाय दे दी। गाय पाली गई। अब गाय के लिए चारा चाहिए क्या करें। बड़ी समस्या हो गई। फिर गांव में चर्चा हुई गांव वाले कहने लगे गुरु जी हमें और भी काम है। हम रोज-रोज आपको चारा तो दे नहीं सकेंगे। क्यों नहीं आप आपके आस पास की जो जमीन है उसे पर घास फूस चारा उगाकर गाय के लिए प्रबंध कर ले। पर इस सब झंझट में तेरे गुरु का हरि भजन हो ना सके, क्योंकि सुबह जल्दी उठो दूध लगाओ, बिल्ली को पिलाओ, गाय को नहलाओ, चराने ले जाओ, हरि भजन हो ही नहीं सका, फिर भी बचाना तो लंगोट है गांव वालों ने सलाह दी कि आप एक काम करें गांव में एक विधवा स्त्री है। उसका भी कोई नहीं आप अपने यहां काम पर रख ले, ताकि वह सारा प्रबंध करके खेती-बाड़ी कर कर गेहूं सब्जी उगाकर आपकी सेवा कर सके। गुरु जी को बात जम गई। वह उसे विधवा महिला को अपने यहां पर ले आए। विधवा महिला भली औरत थी -कभी गुरुजी के हाथ पैर भी दबा देती थी। सिर दुखे तो सर दुख दबा देती थी। अब धीरे-धीरे आपस में लगाव हो गया । गांव वालों ने कहा महात्मा जी ऐसे नहीं चलेगा। मर्यादा भंग हो रही है। आप विवाह करें बिना विवाह साथ रहना ठीक नहीं। गांव वालों ने तेरे गुरु का विवाह करवा दिया। विवाह हुआ बच्चे हो गए संसार बढ़ गया। एक लंगोटी को बचाने के पीछे इतना सारा संसार एकत्र कर लिया। इसलिए तेरे गुरु ने कहा कि जिंदगी में सब काम कर लेना पर एक बात का ध्यान रखना कभी बिल्ली मत पालना।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

**सक्सेस मंत्र**

# आप क्या कर रहे हैं?


तीन दोस्त सड़क के किनारे बातें करते हुए चल रहे थे। शाम होने को थी, सूरज अस्त होने जा रहा था। अचानक उनकी नजर पास वाली पहाड़ी के समीप खड़े एक भिक्षुक पर पड़ी। तीनों अब उस भिक्षुक के बारे में बात करने लगे। वे सोच रहे थे कि वह वहां क्या कर रहा है? एक ने कहा, 'वह जरूर अपने दोस्तों का इंतजार कर रहा है। वह आश्रम से उनके साथ घूमने निकला होगा। उसके दोस्त पीछे रह गए होंगे, तो अब वह उनकी प्रतीक्षा कर रहा है।' दूसरे ने कहा, 'नहीं, मुझे नहीं लगता कि ऐसा है। अगर वह पीछे आ रहे अपने दोस्तों का इंतजार कर रहा होता तो कभी-कभार पीछे मुड़कर अवश्य देखता। लेकिन उसने एक बार भी ऐसा नहीं किया। तो मेरा मानना है कि वह किसी की प्रतीक्षा नहीं कर रहा। शायद उसकी गाय खो गयी है। चूंकि अब अंधेरा होने को है तो वह अपनी गाय को खोज रहा है। वह पहाड़ी के ऊपर खड़ा होकर नीचे जंगल में गाय देख रहा है।' तीसरे ने कहा, 'यह बात सही नहीं लग रही। वह बिल्कुल शांत और चुप खड़ा है। उसे देखकर यह नहीं लग रहा कि वह अपनी गाय के खो जाने से बेचैन है। उसकी तो आंखें भी बंद हैं। मुझे लग रहा है कि वह जरूर प्रार्थना कर रहा है। ना ही वह मित्रों की प्रतीक्षा में है और ना ही वह अपनी गाय ढूंढ़ रहा है।' वे तीनों उस भिक्षुक के पास पहुंच गए। पहले ने कहा, 'तुम अपने मित्रों का इंतजार कर रहे हो ना? भिक्षुक ने आंखें खोलीं, 'मैं किसी की प्रतीक्षा नहीं कर रहा, ना किसी मित्र की और ना ही किसी दुश्मन की।' यह कहकर उसने फिर आंखें बंद कर लीं। अब दूसरे मित्र ने कहा, 'यानी मैं सही था। तुम जरूर जंगल में गाय को ढूंढ़ रहे हो? भिक्षुक ने फिर आंखें खोलीं और कहा-मैं कोई गाय नहीं ढूंढ़ रहा। मैं अपने सिवा किसी में रुचि नहीं रखता। अब तीसरे ने कहा, 'तो पक्का आप प्रार्थना या ध्यान कर रहे हो। सही कहा ना? भिक्षुक ने कहा, 'मैं इनमें से कुछ भी नहीं कर रहा हूं। मैं कुछ कर ही नहीं रहा हूं। मैं केवल यहां खड़ा हूं। मैं केवल यहां हूं।'

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# सर्दियों में सफेद तिल खाओ सेहत और ताकत बढ़ाओ

सफेद तिल छोटे-छोटे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं जो आपके स्वास्थ्य को काफ़ी फ़ायदा पहुंचा सकते हैं, ख़ास तौर पर सर्दियों के मौसम में. अपने गर्म करने वाले गुणों के लिए जाने जाने वाले तिल शरीर को स्वस्थ वसा, विटामिन और खनिज जैसे ज़रूरी पोषक तत्व प्रदान करते हैं जो ठंड के मौसम से निपटने में ख़ास तौर पर उपयोगी होते हैं। तिल कई संस्कृतियों में पारंपरिक सर्दियों के आहार का एक मुख्य हिस्सा रहे हैं, क्योंकि उनमें ऊर्जा को बढ़ावा देने, प्रतिरक्षा में सुधार करने और समग्र स्वास्थ्य का समर्थन करने की क्षमता है। इन्हें अपने भोजन में शामिल करना न केवल सरल है बल्कि स्वादिष्ट भी है, क्योंकि ये मीठे और नमकीन दोनों तरह के व्यंजनों को बेहतर बना सकते हैं।





## सर्दियों में सफेद तिल खाने के कुछ फायदे इस प्रकार हैं:

### 1. शरीर को गर्म रखता है

आयुर्वेद और अन्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में सफेद तिल को गर्म करने वाला भोजन माना जाता है। इनका सेवन शरीर की गर्मी को बनाए रखने में मदद करता है, जो सर्द सर्दियों के महीनों में जरूरी है। यह उन्हें लड्डू, चिक्की और सूप जैसे व्यंजनों के लिए एक आदर्श सामग्री बनाता है, जो सुनिश्चित करता है कि आप पूरे मौसम में गर्म और ऊर्जावान रहें।

### 2. रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है

सर्दियों में अक्सर सर्दी, खांसी और अन्य संक्रमणों का खतरा बढ़ जाता है। तिल के बीज जिंक, सेलेनियम और अन्य एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करते हैं। ये पोषक तत्व शरीर को हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस से बचाते हैं, जिससे ठंड के मौसम में आप स्वस्थ रहते हैं।

### 3. त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार करता है

ठंड का मौसम आपकी त्वचा को रूखा और बेजान बना सकता है, लेकिन तिल के बीज मदद कर सकते हैं। वे विटामिन ई, स्वस्थ वसा और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो त्वचा को अंदर से पोषण और नमी देते हैं। नियमित सेवन से रूखापन दूर हो सकता है, उम्र बढ़ने के लक्षण कम हो सकते हैं और कठोर सर्दियों में भी आपकी त्वचा को प्राकृतिक चमक मिल सकती है।

### 4. हड्डियों को मजबूत बनाता है

सफेद तिल कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस का एक उत्कृष्ट स्रोत हैं, जो मजबूत और स्वस्थ हड्डियों को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। ये पोषक तत्व सर्दियों के दौरान विशेष रूप से फायदेमंद होते हैं जब ठंड के मौसम के कारण जोड़ों का दर्द और अकड़न बढ़ सकती है।

### अपने डायट में तिल को कैसे शामिल करें

आप सलाद पर छिड़ककर, स्मूदी में डालकर या ब्रेड और डेसर्ट के लिए टॉपिंग के रूप में उपयोग करके आसानी से अपने दैनिक भोजन में सफेद तिल को शामिल कर सकते हैं। तिल के लड्डू और तिल की चिक्की जैसी पारंपरिक सर्दियों की रेसिपी भी उनके लाभों का आनंद लेने के स्वादिष्ट तरीके हैं।

इस सर्दी में गर्म, स्वस्थ और ऊर्जा से भरपूर रहने के लिए सफेद तिल का सेवन करें!

# टमाटर का सूप कड़कड़ाती ठंड में दे सेहत और सुकून



टमाटर का सूप एक गर्म, आरामदायक और पौष्टिक व्यंजन है, जो ठंड के दिनों के लिए एकदम सही है। ताजे या पके हुए टमाटरों से बना यह सूप न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें कई तरह के ज़रूरी पोषक तत्व भी होते हैं, जो आपके स्वास्थ्य को कई तरह से फ़ायदा पहुंचा सकते हैं। इसका भरपूर स्वाद और पोषक तत्वों की उच्च मात्रा इसे ठंड के महीनों में आपको स्वस्थ और आरामदायक रखने के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती है।

## ठंड में टमाटर का सूप पीने के मुख्य लाभ इस प्रकार हैं:

### 1. रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है

टमाटर विटामिन सी का एक बेहतरीन स्रोत है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है। टमाटर का एक गर्म सूप आपके शरीर को सर्दी जुकाम और फ्लू से लड़ने में मदद कर सकता है और संक्रमण को दूर रखता है।

### 2. आपको गर्म रखता है

टमाटर का सूप जैसे गर्म खाद्य पदार्थ सर्दियों के दौरान शरीर की गर्मी बनाए रखने में मदद करते हैं, जिससे आप आरामदायक और आरामदायक महसूस करते हैं। गर्म शोरबा आपके गले को आराम दे सकता है और ठंड के मौसम में होने वाली सूखापन से राहत दे सकता है।

### 3. एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर

टमाटर लाइकोपीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो शरीर में मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते हैं। टमाटर के सूप का नियमित सेवन आपकी कोशिकाओं की रक्षा कर सकता है और पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम कर सकता है।

### 4. त्वचा के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है

सर्दियों में अक्सर त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है। विटामिन ए और सी से भरपूर टमाटर का सूप आपकी त्वचा को अंदर से पोषण देने में मदद करता है, ठंड के मौसम में भी एक स्वस्थ, चमकदार चमक को बढ़ावा देता है।

### 5. पाचन में सहायता करता है

टमाटर का सूप हल्का, पचने में आसान और फाइबर से भरपूर होता है, जो स्वस्थ पाचन में सहायता करता है। यह मल त्याग में सुधार करके कब्ज को रोकता है, जो सर्दियों के दौरान एक आम समस्या है।

### 6. कैलोरी में कम

जो लोग सर्दियों के दौरान अपना वजन बनाए रखना चाहते हैं, उनके लिए टमाटर का सूप एक आदर्श विकल्प है। यह कैलोरी में कम है, फिर भी पेट भरने वाला है, जो आपको ज़्यादा खाए बिना ऊर्जावान रहने में मदद करता है।

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतरीन फूड्स

हमारा मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है, और जो हम खाते हैं, उसका सीधा असर हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। कुछ फूड्स जैसे दही, नट्स, हल्दी और हरी पत्तेदार सब्जियां हमारे दिमाग को मजबूत और खुश रखने में मदद करते हैं। ये खाने से तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, और याददाश्त भी तेज होती है। इस लेख में जानें, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने वाले फूड्स के बारे में।



## यहां कुछ फूड हैं जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छे हैं:

### 1. दही

दही में अच्छे बैक्टीरिया होते हैं जो आंत के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। स्वस्थ आंत का संबंध खुश दिमाग से होता है क्योंकि यह सेरोटोनिन नामक अच्छा महसूस कराने वालाः हार्मोन बनाने में मदद करता है।

**कैसे इस्तेमाल करें :**
खाने के साथ दही खाएं।
छाछ या लस्सी बनाएं।

### 2. मेवे और बीज

बादाम और अखरोट जैसे मेवे और अलसी जैसे बीज ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं। ये आपके दिमाग को बेहतर तरीके से काम करने और तनाव कम करने में मदद करते हैं।

**कैसे इस्तेमाल करें :**
नाश्ते के तौर पर मुट्ठी भर मेवे खाएं।
बीजों को सलाद या स्मूदी में मिलाकर खाएं।

### 3. हल्दी

हल्दी में करक्यूमिन होता है, जो सूजन को कम करता है और मूड और याददाश्त को बेहतर बनाने में मदद करता है।

**कैसे इस्तेमाल करें :**
दाल, करी या सूप में हल्दी मिलाएं।
रात में हल्दी वाला दूध पिएं।

### 4. पत्तेदार सब्जियां

पालक और मेथी में फोलेट जैसे विटामिन भरपूर मात्रा में होते हैं, जो आपको खुश महसूस करने में मदद करते हैं और थकान कम करते हैं।

**कैसे इस्तेमाल करें :**
सब्ज़ियों, पराठों या सूप में पत्तेदार सब्जियां मिलाएं।
स्मूदी में इनका इस्तेमाल करें।

### 5. डार्क चॉकलेट

डार्क चॉकलेट में ऐसे यौगिक होते हैं जो तनाव को कम करते हैं और मूड को बेहतर बनाते हैं। यह सेरोटोनिन भी बढ़ाता है, जिससे आपको खुशी महसूस होती है।

**कैसे इस्तेमाल करें :**
रोज़ाना डार्क चॉकलेट का एक छोटा टुकड़ा खाएं।
इसे अपनी मिठाइयों में मिलाएं।


### 6. साबुत अनाज

ओट्स, ब्राउन राइस और साबुत गेहूं जैसे साबुत अनाज धीरे-धीरे ऊर्जा देते हैं, जिससे आप लंबे समय तक सक्रिय और खुश रहते हैं।

**कैसे इस्तेमाल करें :**
नाश्ते में ओट्स या दलिया खाएं।
रोटी बनाने के लिए साबुत गेहूं का इस्तेमाल करें।

# सोने से पहले करें ये आसान एक्सरसाइज

## पेट की चर्बी गायब और नींद लाजवाब!



अगर आप पेट की चर्बी कम करने का कोई आसान और असरदार तरीका खोज रहे हैं, तो आपको जिम या किसी खास उपकरण की ज़रूरत नहीं है। सोने से पहले बिस्तर पर किए जाने वाले ये तीन आसान व्यायाम आपके पेट की मांसपेशियों को टोन करने, मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने और चर्बी घटाने में मदद कर सकते हैं। पेट की चर्बी को कम करने के अलावा, ये मूव तनाव को दूर करने और रात को अच्छी नींद के लिए आपके शरीर को आराम देने में मदद करते हैं। आइए जानें कि आप अपने बिस्तर पर आराम से पेट की चर्बी कैसे कम कर सकते हैं!

### 1. फ्लटर किक्स



फ्लटरकिक्स निचले एब्स को टोन करने और कैलोरी को प्रभावी ढंग से जलाने के लिए बहुत बढ़िया हैं।


**इसे कैसे करें :**

अपनी पीठ के बल लेट जाएं और अपने हाथों को सहारे के लिए अपने कूल्हों के नीचे रखें।दोनों पैरों को बिस्तर से थोड़ा ऊपर उठाएं।नियंत्रित गति में बारी-बारी से अपने पैरों को ऊपर और नीचे किक करना शुरू करें।

**दोहराव :** 2 सेट में 30 सेकंड से 1 मिनट तक करें।

**लाभ :** पेट की जिद्दी चर्बी को हटाता हैकोर की मांसपेशियों को सक्रिय करता है।ब्लड सर्कुलेशनको बढ़ाता है।

### 2. लेग रेज



लेग रेज एक क्लासिक व्यायाम है जो पेट के निचले हिस्से की मांसपेशियों को टार्गेट करता है, जिससे यह पेट की चर्बी कम करने के लिए एक बेहतरीन विकल्प बन जाता है।


**इसे कैसे करें :**

अपनी पीठ के बल सीधे लेट जाएं और अपने पैरों को सीधा रखें और अपने हाथों को बगल में रखें।धीरे-धीरे दोनों पैरों को सीधा रखते हुए छत की ओर उठाएं। पैरों को बिस्तर से छुए बिना उन्हें वापस ऊपर की तरफ ले जाएं।

**दोहराव :** 2-3 सेट में 10-12 बार दोहराएं।

**लाभ :** निचले पेट को टोन करता है।कोर की ताकत बढ़ाता है।लचीलेपन में सुधार करता है।

### 3. नी-टू-चेस्ट स्ट्रेच



यह एक्सरसाइज निचले पेट की मांसपेशियों और पीठ को मजबूत करने के लिए शानदार है।

**कैसे करें :**

पीठ के बल लेटें और पैरों को सीधा रखें।एक घुटने को अपनी छाती की तरफ खींचें और 5-10 सेकंड तक रोकें।दूसरे पैर से दोहराएं। आप दोनों घुटनों को एक साथ भी खींच सकते हैं।

**दोहराव :** प्रत्येक पैर से 10 बार करें।

**फायदे :** पेट की चर्बी को कम करता है। पाचन सुधारता है और सूजन कम करता है।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** – आज स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में विशेषकर स्त्रियां सावधानी रखें। कार्यों की गति धीमी रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें।

**वृष** – आशंका-कुशंका के चलते कार्य की गति धीमी रह सकती है। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। सभी ओर से सफलता प्राप्त होगी।

**मिथुन** – जीवनसाथी से कहासुनी हो सकती है। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर होगी। करियर बनाने के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। पारिवारिक सहयोग से कार्य में आसानी होगी।

**कर्क** – बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ के असवर हाथ आएंगे। यात्रा में सावधानी रखें। किसी पारिवारिक आनंदोत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**सिंह** – कोई बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक चिंताएं रहेंगी। मेहनत अधिक तथा लाभ कम होगा। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। मातहतों का सहयोग नहीं मिलेगा। कुसंगति से बचें, हानि होगी।

**कन्या** – मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता रहेगी। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बनेगी।

**तुला** – दूर से अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। कोई बड़ा काम करने की योजना बनेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर में अतिथियों पर व्यय होगा। किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिक** – प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट से कार्य में रुकावट होगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। निवेश में जल्दबाजी न करें।

**धनु** – अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। यात्रा में जल्दबाजी न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य पर बड़ा खर्च हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। आय में कमी रहेगी। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

**मकर** – विवेक का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। कोई बड़ी बाधा से सामना हो सकता है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। रुका हुआ धन मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। किसी अपने के व्यवहार से दुःख होगा।


**कुंभ** – समाजसेवा में रुझान रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पुरानी व्याधि से परेशानी हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मीन** – आज लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धर्म-कर्म में मन लगेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

# जन्म के विवरण बिना यूं जानें अपना भविष्य

भाग्य- यदि जीवन रेखा, हृदय रेखा और मस्तिष्क रेखा तीनों प्रारंभ में मिली हुई हो तो व्यक्ति भाग्यहीन, दुर्बल और परेशानियों से घिरा होता है। (हृदय रेखा इंडेक्स फिंगर और मिडिल फिंगर के आसपास से प्रारंभ होकर सबसे छोटी उंगली की ओर जाती है।)




परेशानियां- यदि जीवन रेखा को कई छोटी-छोटी रेखाएं काटती हुई नीचे की ओर जाती हो तो ये रेखाएं व्यक्ति के जीवन में परेशानियों को दर्शाती हैं। यदि इस तरह की रेखाएं ऊपर की ओर जा रही हों तो व्यक्ति को सफलता प्राप्त होती है।

महत्वाकांक्षा- यदि जीवन रेखा गुरु पर्वत से प्रारंभ हुई हो तो व्यक्ति अति महत्वाकांक्षी होता है। ये लोग अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

अशुभ लक्षण- जब टूटी हुई जीवन रेखा शुक्र पर्वत के भीतर की ओर मुड़ती दिखाई देती है तो यह अशुभ लक्षण होता है। ऐसी जीवन रेखा बताती है कि व्यक्ति को किसी बड़े संकट का सामना करना पड़ सकता है।

मृत्यु- यदि जीवन रेखा अंत में दो भागों में विभाजित हो गई हो तो व्यक्ति की मृत्यु जन्म स्थान से दूर होती है।

जीवन- जीवन रेखा पर वर्ग का चिह्न हो तो यह व्यक्ति के जीवन की रक्षा करता है। आयु के संबंध में जीवन रेखा के साथ ही स्वास्थ्य रेखा, हृदय रेखा, मस्तिष्क रेखा और अन्य छोटी-छोटी रेखाओं पर भी विचार किया जाना चाहिए।



प्रियंका जैन
9769994439

अल्पायु- यदि दोनों हाथों में जीवन रेखा बहुत छोटी हो तो वह व्यक्ति अल्पायु हो सकता है। जीवन रेखा जहां-जहां श्रृंखलाकार होगी, उस आयु में व्यक्ति किसी बीमारी से ग्रसित हो सकता है।

स्वभाव- यदि किसी व्यक्ति के हाथ में जीवन रेखा चंद्र पर्वत तक चली जाए तो व्यक्ति का जीवन अस्थिर हो सकता है। अंगूठे के नीचे वाले भाग को शुक्र पर्वत कहते हैं और शुक्र के दूसरी ओर चंद्र पर्वत स्थित होता है। यदि इस प्रकार की जीवन रेखा कोमल हाथों में हो और मस्तिष्क रेखा भी ढलान लिए हुए हो, तो व्यक्ति का स्वभाव स्थिर होता है। इस प्रकार के लोग साहस भरे और उत्तेजना से पूर्ण कार्य करना चाहते हैं।

व्यक्तित्व- यदि जीवन रेखा पीलापन लिए और चौड़ी हो तो ऐसा व्यक्ति बुरी प्रवृत्ति, खराब चरित्र वाला और बीमार स्वास्थ्य का मालिक होता है।

## खबर संक्षेप

### लिंग निर्धारण रिपोर्ट से रेप का दोषी साबित हुआ किन्नर

**बरेली।** बरेली के मीरगंज में करीब ढाई साल पहले सात साल की बच्ची से हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपी किन्नर फरीन ने सुनवाई के दौरान कोर्ट को गुमराह करने की पूरी कोशिश की लेकिन एजीपीजीआई की रिपोर्ट ने पूरे मामले को खोल दिया। सुनवाई के दौरान 27 सितंबर 2024 को एसजीपीजीआई में आरोपी की लिंग निर्धारण परीक्षण रिपोर्ट में वह पुरुष किन्नर निकला। उसमें एक्स-वाई क्रोमोसोम होने की बात भी सामने आई। कोर्ट ने धारा 506 और पॉक्सो एक्ट की धारा 06 के तहत दोषी को 20 साल की सजा सुनाई।

### नशे में धुत दूल्हा वरमाला से पहले गिरा, दुल्हन ने तोड़ दी शादी

**पटना।** बिहार की नीतीश सरकार ने 2016 से ही सूबे में शराबबंदी लागू कर रखा है. लेकिन लोग हैं कि मानते नहीं. दरअसल, बिहार के बेगूसराय जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक युवक अपनी ही शादी में शराब के नशे में टल्ली हो गया. इतना ही नहीं उसने इतना ज्यादा शराब का सेवन कर लिया कि वह ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था. इसी बीच दूल्हे के शराबी होने की खबर जैसे ही लड़की को मिली उसने शादी से इंकार कर दिया. ऐसे में न सिर्फ दूल्हे राजा को अपनी शादी से हाथ धोना पड़ा बल्कि अब उसे कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

### लगातार दूसरी बार विधानसभा अध्यक्ष बने रबींद्र नाथ महतो

**रांची।** नाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक रबींद्र नाथ महतो को लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति से स्पीकर चुन लिया गया है। रबींद्र नाथ महतो को स्पीकर बनाये जाने के लिए कुल सात पैनलों ने प्रस्ताव दिया था। दोनों पक्ष और विपक्ष ने रबींद्र नाथ महतो के नाम की अनुशंसा की थी।

नाला विधायक रबींद्र नाथ महतो लगातार दूसरी बार नाला विधानसभा से चुनकर आए हैं और लगातार दूसरी बार विधानसभा अध्यक्ष बने। ध्वनिमत के माध्यम से प्रोटम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने वोटिंग कराई। इस दौरान ज्यदातर वोट पक्ष में आए और फिर रबींद्र नाथ महतो को विधानसभा स्पीकर चुन लिया गया।

मथुरा-बरेली हाईवे पर हादसा

# केंटर ने मैजिक को मारी टक्कर

**सड़क पर बिछीं लाशें, सात लोगों की मौत**

एजेंसी | मथुरा

मथुरा-बरेली राजमार्ग पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। गांव जैतपुर के निकट केंटर व मैजिक की भिडंत साढे. तीन माह के बच्चे सहित सात की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोडर व अन्य वाहनों की मदद से घायलों को उपचार के लिए बागला जिला अस्पताल पहुंचाया। इधर, लोडर वाहनों व एंबुलेंस से मृतकों के शवों को लाया गया। इस सवारी मैजिक वाहन में क्षमता से अधिक सवारियां भरी हुई थीं। सवारी मैजिक में करीब 21 लोग बैठे हुए थे। यह मैजिक हाथरस से सिकंदराराऊ की ओर जा रही थी। वहीं केंटर सिकंदराराऊ से हाथरस की ओर आ रहा था। आमने सामने की भिंड़त में दोनों वाहन पलट गए। मौके पर चित्कार मच गई। इस सवारी मैजिक वाहन में एक ही परिवार के करीब 10 लोग एटा में गांव नगला इमलिया में कैंसर पीड़ित को देखने के लिए जा रहे थे। मामले की सूचना पर डीएम, एसपी सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे गए।

**हादसे को लेकर पुलिस-प्रशासन मुस्तैद**



थाना हाथरस जंक्शन के हाथरस-सिकन्द्राराऊ रोड पर ग्राम जैतपुर में पशुपतिनाथ कोल्ड स्टोरेज के पास हुई सड़क हादसे में सूचना पर सीओ सिकन्द्राराऊ एवं थाना प्रभारी हाथरस जंक्शन मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम लिए मोर्चरी भिजवाया। एसपी निपुण अग्रवाल एवं डीएम हाथरस राहुल पांडेय हादसे पर नजर बनाए हुए हैं। मौके पर पहुंचकर दोनों ने स्थलीय निरीक्षण किया। अस्पताल पहुंचकर घायलों के बारे में जानकारी की। घायलों के उपचार के लिए दिशा निर्देश दिए।

**मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की आर्थिक मदद**

हाथरस हादसे का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और गंभीर घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है।

### निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों ने बांधी काली पट्टी, दर्ज कराया विरोध



एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में लखनऊ समेत सभी जिला एवं परियोजनाओं में बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के निर्णय के अनुसार बिजलीकर्मियों ने काम प्रभावित नहीं होने दिया बल्कि काली पट्टी बांधकर निजीकरण के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। मुख्य अभियंताओं ने भी काली पट्टी बांधी। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि 11 दिसंबर को लखनऊ में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) की बैठक हो रही है, जिसमें बिजली के निजीकरण के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ में हो रहे बिजली के निजीकरण के विरोध पर फैसला लिया जाएगा।

## वाराणसी के दालमंडी की चौड़ी होगी सड़क

**नगर निगम कर रहा सर्वेक्षण**



**वाराणसी।** शहर में बढ़ते जाम को देखते हुए दालमंडी की सड़क को चौड़ा करने की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हिदायत के बाद नगर निगम की टीम सक्रिय हो गई है। टीम दालमंडी का सर्वेक्षण कर रही है। इसकी पूरी रिपोर्ट बनाई जाएगी। इसके बाद अभिलेखों में सड़क की चौड़ाई के अनुसार इसे चौड़ा किया जाएगा। दरअसल इस सड़क को चौड़ा करने से चौक, ठठेरी बाजार, राजादरवाजा, मैदागिन और विश्वनाथ मंदिर जाने वालों की सहूलियत बढ़ जाएगी। वर्तमान में भी सड़क की चौड़ाई 12 से 15 फीट के आसपास है। यह मार्ग अतिक्रमण की चपेट में है। जिसके कारण यह पूरा इलाका जाम की चपेट में रहता है। इसके चलते नई सड़क से चौक जाने वालों को काफी घूम कर जाना पड़ता है।

**बाजार में तकरीबन 500 से अधिक दुकानें**

इस बाजार में तकरीबन 500 से अधिक दुकानें हैं। दोनों तरफ के दुकानदार तीन-तीन फीट सड़क को घेर लेते हैं। जिसके कारण छह फीट ही सड़क बचती है। ऐसे में चार पहिया गाड़ियां यहां से नहीं गुजर पाती है। जबकि मोटरसाइकिल और पैदल जाने वालों को भी जाम से होकर गुजरना पड़ता है। जबकि इसी मार्ग से रात दस बजे के बाद चार पहिया भी आसानी से निकल जाती है। आदिविश्वेश्वर वार्ड के पार्षद इंद्रेश सिंह की ओर से इस सड़क को चौड़ा करने का प्रस्ताव सदन में आ चुका है। इसका अनुपालन अब कराया जा रहा है। इस मार्ग के चौड़ा होने से लहुराबीर से गिरजाघर होकर चौक जाने वालों को आसानी होगी। नई सड़क से दालमंडी होकर वे आसानी से चौक चले जाएंगे।

### पंचशूल गनर्स ने आयोजित किया रक्तदान शिविर



**बरेली।** सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति समर्पित एक प्रेरणादायक पहल के तहत, पंचशूल गनर्स ने मिलिट्री हॉस्पिटल, बरेली के सहयोग से 10 दिसंबर 2024 को अपने हीरक जयंती समारोह की शुरुआत के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस प्रयास ने जीवन बचाने में रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया, जिसमें संगठन के सदस्यों और स्थानीय समुदाय ने एक महान उद्देश्य के लिए भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 101 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो मिलिट्री हॉस्पिटल, बरेली की आवश्यकता को पूरा करने के अलावा भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) ब्लड बैंक, बरेली को भी दान किया गया। ये रक्तदान आपातकालीन देखभाल और गंभीर स्थिति में मरीजों के जीवन रक्षक उपचार के लिए सहायक होगा, जो समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

भारतीय चिकित्सा संघ के प्रतिनिधि डॉ. जे.पी. सेठी ने रक्तदान के महत्व पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि कैसे एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचा सकता है। उन्होंने नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया, भ्रांतियों को दूर करते हुए इसके सकारात्मक प्रभावों पर जोर दिया। यह आयोजन स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व को उजागर करता है, और कई उपस्थित लोगों ने नियमित रूप से रक्तदान करने का संकल्प लिया। यह पंचशूल गनर्स के लिए उनकी हीरक जयंती समारोह की एक प्रेरणादायक शुरुआत भी थी।

# देवघर में शादी की खुशियां मातम में बदली

**सड़क हादसे में 4 की मौत**

एजेंसी | देवघर

देवघर में एक परिवार के शादी की खुशियां मातम उस वक्त मातम में बदल गयी जब तेज रफ्तार से आ रही चार पहिया वाहन ने दो महिलाएं और एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे तीनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि एक महिला की मौत इलाज के दौरान हुई। घटना सोमवार की रात 10 बजे जामताड़ा मुख्य मार्ग की है। मृतकों की पहचान बसंती देवी, पुनकु देवी और मुकेश कोल के रूप में हुई है। मृत महिलाएं पालोजोरी थाना क्षेत्र के दुबराजपुर गांव की रहने वाली है। जबकि युवक आसना गांव का रहने वाला है।

**कैसे हुआ हादसा ?**

जानकारी के मुताबिक महिलाएं शादी के नेग करने के लिए नाचते गाते मुख्य सड़क से होकर पास में स्थित एक तालाब जा रही थी। उसी वक्त तेज गति से आ रही एक बाइक ने सभी को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक के धक्के से दो महिलाएं बीच सड़क पर जा गिरी। बाइक सवार युवक भी अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। उसी वक्त तेज गति से आ रही चार पहिया वाहन ने सभी को अपनी चपेट में ले लिया और फरार हो गया। जिससे सभी की मौके पर ही मौत हो गयी।

**महिला संजू देवी की मौत इलाज के दौरान हुई**

सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थलम पर पहुंची और सभी को इलाज के लिए देवघर के पालाजोरी सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नित्यानंद चौधरी ने सभी को मृत घोषित कर दिया। जबकि एक घायल महिला को संजू देवी की मौत इलाज के दौरान हो गयी। बताया जाता है कि सभी महिलाएं दुबराजपुर गांव में मनोज राणा की बेटी पूनम की शादी के नेग में शामिल होने गयी थी।

### दीनानाथ पेंटे बने PUCL के नये अध्यक्ष



**रांची।** लोक स्वतंत्र संगठन (पीयूसीएल ) झारखंड का कन्वेंशन संपन्न हो गया। इस कन्वेंशन में दीनानाथ पेंटे को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। कार्यक्रम में आगामी दो वर्षों के लिए कार्य योजना निर्धारित की गयी। इसके अलावा पिछले कई प्रस्तावों पर चर्चा कर उन्हें जारी रखने का समर्थन किया गया और तीन नये प्रस्ताव पारित किए गये।

**कौन से प्रस्ताव किये गये पारित ?**

- बिना किसी राजनीतिक दल को समर्थन या उनकी आलोचना किए हुए सांप्रदायिकता और मानवाधिकार हनन के किसी भी मामले में दूसरे समान विचारधारा वाले संगठनों के साथ तालमेल बनाकर सहयोग किया जाएगा।
- विचाराधीन कैदियों के मानवाधिकार हनन और जेल और न्यायिक सुधार की दिशा में निरंतर काम करते रहने की आवश्यकता है।
- झारखंड की नयी यूनिट के रूप में घाटशिला के गठन के लिए सहमति बनी। अब यह स्वतंत्र इकाई है जो पहले पूर्वी सिंहभूम में जमशेदपुर इकाई के अंतर्गत कार्यरत थी।

## व्यापार जगत

# महंगाई और वृद्धि दर में संतुलन सबसे जरूरी : दास

एजेंसी | नई दिल्ली

आरबीआई के निवर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपना छह वर्ष का कार्यकाल मंगलवार को पूरा कर लिया। अपनी सेवानिवृत्ति के दिन पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आरबीआई के समक्ष मौजूद प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महंगाई और आर्थिक वृद्धि के संतुलन को बहाल करना सबसे जरूरी काम है। दास ने यह भी कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली व मजबूत बनी है और इसमें वैश्विक प्रभावों से उचित तरीके से निपटने की क्षमता है। दास ने कहा कि नवनियुक्त आरबीआई गवर्नर को बदलती विश्व व्यवस्था को समझना होगा। साइबर खतरों से प्रभावी ढंग से निपटना होगा और नई प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

**वित्त मंत्रालय के साथ बेहतर समन्वय**



दास ने कहा कि वित्त मंत्रालय तथा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बीच समन्वय पिछले छह वर्षों में सबसे बेहतर रहा है। उन्होंने साथ ही कहा कि वित्त मंत्रालय तथा आरबीआई का नजरिया कभी-कभी अलग-अलग हो सकता है, लेकिन उनके कार्यकाल के दौरान ऐसे सभी मुद्दों को आंतरिक चर्चा के जरिये सुलझा लिया गया।

### अर्थव्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करने का प्रयास करेंगे : मल्होत्रा

आरबीआई के नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को कहा कि 11 दिसंबर को पदभार संभालने के बाद वह सभी नजरियों को समझने और अ र्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम काम करने की कोशिश करेंगे। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि किसी को भी (इस पद पर काबिज) क्षेत्र, सभी दृष्टिकोणों को समझना होगा और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम करना होगा। मल्होत्रा आरबीआई के 26वें गवर्नर होंगे। वह ऐसे समय में केंद्रीय बैंक की कमान संभालने जा रहे हैं, जब अर्थ व्यवस्था धीमी वृद्धि दर और उच्च मुद्रास्फीति की दोहरी चुनौती का सामना कर रही है।

# शेयर बाजार में फ्लैट कारोबार रहा

**सेंसेक्स में 1 अंक की तेजी और निफ्टी में 8 अंक की गिरावट रही**

**BSE स्मॉलकैप 189 अंक चढ़ा**

**मुंबई।** शेयर बाजार में 10 दिसंबर को फ्लैट कारोबार रहा। सेंसेक्स 1 अंक की तेजी के साथ 81,510 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 8 अंक की गिरावट रही, ये 24,610 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, BSE स्मॉलकैप 189 अंक की तेजी के साथ 57,503 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में तेजी और 15 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में गिरावट और 23 में तेजी रही। NSE सेक्टोरल इंडेक्स में निफ्टी रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा 1.43% की तेजी के साथ बंद हुआ।

**एशियाई बाजारों में तेजी रही**




इंफोसिस, ICICI बैंक, SBI और HCL टेक ने बाजार को ऊपर चढ़ाया। जबकि, रिलायंस, भारती एयरटेल और लार्सन एंड टुब्रो ने बाजार को नीचे खींचा।

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.53% और कोरिया के कोस्पी में 2.43% की तेजी रही। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.59% की तेजी के साथ बंद हुआ। NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 9 दिसंबर को 724.27 करोड़ के शेयर खरीदे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 1,648.07 करोड़ के शेयर बेचे। इससे पहले 9 दिसंबर को सेंसेक्स 200 अंक की गिरावट के साथ 81,508 के स्तर पर बंद हुआ था।

# नवंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 14.1% घटा

**लार्ज कैप फंड के इनफ्लो में भी 26.3% की गिरावट आई**

**स्मॉल कैप में 4,883.4 करोड़ का इन्वेस्टमेंट**



**मुंबई।** नवंबर 2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड में कुल निवेश 35,927.3 करोड़ रहा, जो अक्टूबर में 41,865.4 करोड़ की तुलना में 14.1% कम है। वहीं, लार्ज कैप म्यूचुअल फंड के इनफ्लो में 26.3% की गिरावट आई है, जो अक्टूबर के 3,452.3 करोड़ से घटकर नवंबर में 2,547.9 करोड़ रह गया। हालांकि, स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड के इनफ्लो में 9% की बढ़ोतरी देखी गई है, जो अक्टूबर के 3,772 करोड़ से बढ़कर नवंबर में 4,112 करोड़ हो गया है। मिड कैप म्यूचुअल फंड के इनफ्लो में 4.3% की मामूली वृद्धि देखी गई, जो अक्टूबर में में 4,683 करोड़ था और यह नवंबर में बढ़कर 4,883.4 करोड़ हो गया है।

**लगातार दूसरे महीने मंथली म्यूचुअल फंड SIP 25,000 करोड़ के पास**

मंथली म्यूचुअल फंड SIP ने लगातार दूसरे महीने 25,000 करोड़ का आंकड़ा पार किया, जो नवंबर में 25,320 करोड़ रहा। जबकि, अक्टूबर में यह 25,323 करोड़ था। SIP अकाउंट की संख्या नवंबर 2024 में 10,22,66,590 के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है, जो अक्टूबर में 10,12,34,212 और सितंबर में 9,87,44,171 थी। नवंबर 2024 में म्यूचुअल फंड का टोटल एसेट अंडर मैनेजमेंट (AUM) 67.81 लाख करोड़ पहुंच गया है, जो अक्टूबर में 66.98 लाख करोड़ था। म्यूचुअल फंड हाउसेज की ओर से होल्ड की गई सिक्योरिटीज की करेंट मार्केट वैल्यू को एसेट अंडर मैनेजमेंट (AUM) कहा जाता है।

# 15 मिनट में डिलीवर होगा सामान!

**जल्द शुरू होगी अमेज़ॉन की नई सर्विस**

**मुंबई।** इस महीने बेंगलुरु में 15 मिनट में डिलीवरी की सर्विस लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। यह कंपनी का तेजी से बढ़ते "क्विक कॉमर्स" बाजार में पहला कदम है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेज़ॉन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अमित अग्रवाल ने कहा कि शहरी ग्राहकों की रोजमर्रा की जरूरतों के लिए तेज डिलीवरी की मांग बढ़ रही है। उन्होंने कहा, "दिसंबर से हम बेंगलुरु में 15 मिनट की डिलीवरी सर्विस शुरू करेंगे।"



**1,000 से 2,000 प्रोडक्ट्स से शुरुआत**

यह अमेज़ॉन की पहली ग्लोबल 15 मिनट डिलीवरी सर्विस है। शुरुआती फेज में बेंगलुरु में 1,000-2,000 प्रोडक्ट्स की डिलीवरी होगी। भविष्य में इसे अन्य शहरों में भी शुरू करने की योजना है। हालांकि, सर्विस का नाम अभी नहीं रखा गया है। अमेज़ॉन के साथ, अब भारत के क्विक कॉमर्स बाजार में छह बड़े प्लेयर्स हो गए हैं। यह बाजार हर साल 6 बिलियन डॉलर से ज्यादा का रेवेन्यू जनरेट कर रहा है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया अपने निचले स्तर के करीब 84.85 पर बंद

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नेतृत्व में बदलाव से मौद्रिक नीति में नरमी की उम्मीदें बढ़ने से मंगलवार को रुपये को थोड़ा समर्थन मिला और वह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक पैसे के सुधार के साथ 84.85 के भाव(अस्थायी) पर बंद हुआ। यह रुपये के सर्वकालिक निचले स्तर के लगभग करीब है। हालांकि, कारोबार के दौरान रुपये ने 84.86 के अपने निचले स्तर को छू लिया था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि आरबीआई के गवर्नर पद पर राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा की नियुक्ति होने के बाद बाजार को अब फरवरी में आगामी मौद्रिक नीति में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है।

# तीसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम ने शुरू की प्रैक्टिस

- बुमराह ने वर्कलोड के चलते हिस्सा नहीं लिया
- 14 दिसंबर से खेला जाएगा तीसरा मुकाबला

**एजेंसी | ब्रिस्बेन**

टीम इंडिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के ब्रिस्बेन टेस्ट से पहले एडिलेड में मंगलवार को जमकर प्रैक्टिस की। टीम के उप कप्तान और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा नहीं लिया। वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम दिया गया था। तीसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में 14 दिसंबर से खेला जाएगा। टीम इंडिया फिलहाल एडिलेड में हैं। दूसरा मुकाबला यहीं खेला गया था। टीम जल्द ही ब्रिस्बेन के लिए रवाना होगी। BCCI ने सोशल मीडिया के जरिए एक वीडियो शेयर किया, जिसमें भारतीय खिलाड़ी अभ्यास करते हुए दिख रहे हैं।

5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। भारत ने पर्थ टेस्ट 295 रन से जीता था। वहीं दूसरा मैच ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता था। सीरीज का तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेला जाएगा।



### ज्यादा गेंदे बैकफुट पर खेली

तीसरे मैच में भी केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ओपनिंग कर सकते हैं। दोनों ने प्रैक्टिस सेशन में पहले बैटिंग शुरू की। इसके बाद भारतीय बैटिंग ऑर्डर के बाकी खिलाड़ी आए, जिनमें शुभमन गिल, विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत शामिल हैं। वहीं, कोहली ने एडिलेड नेट्स में बाउंस के कारण बैकफुट पर ज्यादा गेंदे खेली।

### WTC पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर आया भारत

इस हार के बाद भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम इंडिया के 57.29% पॉइंट्स हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 60.71% पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर है। साउथ अफ्रीका 59.26% लेकर दूसरे स्थान पर है।

# लंका टी10 सुपर लीग 2024 का आज से आगाज

- हिस्सा ले रही सभी 6 टीमें घोषित

**एजेंसी | कैंडी**

बहुप्रतीक्षित 2024 लंका टी10 सुपर लीग 11 दिसंबर से पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हो रही है, जो श्रीलंकाई क्रिकेट में एक नया अध्याय लिखेगी। छह फ्रैंचाइज़ियों की भागीदारी वाला यह टूर्नामेंट कैंडी के खूबसूरत मैदान पर क्रिकेट के रोमांचक ब्रांड का प्रदर्शन करेगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने आधिकारिक तौर पर सभी छह फ्रैंचाइज़ियों के लिए पूरी टीम की सूची जारी कर दी है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय सितारों और स्थानीय प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण है। लीग ने सभी फ्रैंचाइज़ी में प्रतिभाओं की एक असाधारण सूची तैयार की है।

प्रमुख कोच के रूप में महान श्रीलंकाई गेंदबाज चमिंडा वास के मार्गदर्शन में कोलंबो जगुआर में श्रीलंका के पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज सहित उभरते सितारे मथिशा पथिराना, बहुमुखी कामिंदु मेंडिस, पाकिस्तान के आसिफ अली और विस्फोटक सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय जैसे शीर्ष सितारे शामिल होंगे। अनुभवी ग्राहम फोर्ड द्वारा प्रशिक्षित गॉल मार्वल्स में स्पिन जादूगर महेश थीक्षाना, विस्फोटक भानुका राजपक्षे, तेज गेंदबाज बिनुरा फर्नांडो और अंग्रेजी स्टार एलेक्स हेल्स और ल्यूक वुड शामिल हैं। हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स अपनी ताकत का प्रदर्शन दासुन शनाका के नेतृत्व में करेंगे, जिसमें शेवोन डैनियल, स्थानीय नायक कुसल जनिथ परेरा और अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह ज़ज़ई शामिल हैं। जेम्स फोस्टर के रणनीतिक नेतृत्व में जाफना टाइटन्स में कुशल मुहम्मद आमिर, गतिशील कुसल मेंडिस, बहुमुखी चरिथ असलांका सहित एक प्रभावशाली रोस्टर है। सचित पथिराना द्वारा प्रशिक्षित कैंडी बोल्ट्स ने अनुभवी दिनेश चांदीमल, कुशल सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा जॉर्ज मुन्से सहित एक शानदार संयोजन को एक साथ लाया है। जूलियन वुड के मार्गदर्शन में नुवारा एलिया किंग्स ने अविष्का फर्नांडो, सौरभ तिवारी, तेज गेंदबाज कसुन राजिथा, प्रतिभाशाली दुशान हेमंथा, काइल मेयर्स और बेनी हॉवेल की दमदार लाइनअप के साथ प्रतियोगिता को पूरा किया है।

## सभी फ्रेंचाइजी के लिए पूरी टीम की सूची इस प्रकार है:



- **कोलंबो जगुआर:** एंजेलो मैथ्यूज (कप्तान), डैन लॉरेंस, मथीशा पथिराना, कामिंदु मेंडिस, आसिफ अली, जेसन रॉय, अकिला धनंजय, एंजेलो परेरा, नजीबुल्लाह जादरान, अली खान, इसिथा विजेसुंदरा, रमेश मेंडिस, रोनी तालुकदार, रानुडा सोमारथने, रयान कामवेम्बा, असिथा फर्नांडो, दिलशान मधुशंका, गारुका संकेत और मुख्य कोच चामिंडा वास सहित सहयोगी स्टाफ।
- **गॉल मार्वल्स:** महेश थीक्षाना, शाकिब अल हसन, भानुका राजपक्षे, बिनुरा फर्नांडो, एलेक्स हेल्स, ल्यूक वुड, चामिंडु विक्रमसिंघे, जेफरी वेंडरसे, आंद्रे फ्लेचर, जहूर खान, संदुन वेराक्कोडी, प्रभात जयसूर्या, केसरिक विलियम्स, डुमिंडु सेवमिना, सदीशा राजपक्षे और सहायक मुख्य कोच ग्राहम फोर्ड सहित स्टाफ।
- **हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स:** दासुन शनाका (कप्तान), शेवोन डैनियल, कुसल जेनिथ परेरा, दुशमंथा चमीरा, हजरतुल्लाह ज़ज़ई, रिचर्ड ग्लीसन, इसुरु उदाना, थारिंडु रत्नायके, करीम जानत, मोहम्मद शहजाद, धनंजय लक्षण, निशान पेरीचुगेस, चमथ गोमेज़, सहान अराचिगे और टीम स्टाफ।
- **जाफना टाइटंस:** वानिंदु हसरंगा (कप्तान), टॉम कोहलर-कैडमोर, कुसल मेंडिस, चैरिथ असलांका, डेविड वीज़, मुहम्मद अमीर, नुवान तुषारा, डुनिथ वेललेज, ड्वेन प्रिटोरियस, टॉम एबेल, प्रमोद मदुशन, पवन रथनायके, जॉर्ज गार्टन, ट्रैवीन मैथ्यू। मुख्य कोच जेम्स फोस्टर और सहायक स्टाफ सहित केविन विकम।
- **कैंडी बोल्ट:** थिसारा परेरा (कप्तान), इमाद वसीम, दिनेश चंडीमल, पाथुम निसांका, जॉर्ज मुन्से, मिलिंदा सिरिवर्दना, चतुरंगा डी सिल्वा, अमीर हमजा होटक, शेहान जयसूर्या, चमिका गुणसेकरा, चंद्रपॉल हेमराज, दानल हेमानंद, अरिनेस्टो वेझा, सीकुगे प्रसन्ना सहित मुख्य कोच सचिथ पथिराना और सहयोगी कर्मी।
- **नुवारा एलिया किंग्स:** अविष्का फर्नांडो, सौरभ तिवारी, कासुन राजिथा, दुशान हेमंथा, काइल मेयर्स, बेनी हॉवेल, दनुष्का गुणाथिलका, लाहिरू मदुशंका, आफताब आलम, निमसारा अथरगल्ला, यशोदा लंका, उमर अकमल, विशेन हलंबेज, रिवाल्डो क्लार्क, चमिका करुणारत्ने, पुलिंदु परेरा और मुख्य कोच जूलियन वुड सहित टीम प्रबंधन।

# ICC ने अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग को किया बैन

**एजेंसी | न्यूयॉर्क**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग (NLC) को बैन कर दिया है। ICC ने यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका क्रिकेट (USAC) को लेटर लिखकर लीग के भविष्य के संस्करणों को मंजूरी नहीं देने के फैसले की जानकारी दी। लेटर में लिखा गया कि लीग में प्लेइंग इलेवन नियमों का पालन नहीं हुआ है। टी-10 फॉर्मेट के इस टूर्नामेंट में 6-7 विदेश खिलाड़ी खिलाए गए थे। NCL का पहला सीजन 4 से 14 अक्टूबर के बीच हुआ था। रॉबिन उथप्पा की कप्तानी वाली शिकागो सीसी ने अटलांटा किंग को 43 रनों से हराते हुए खिताब जीता था। क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने उन्हें ट्रॉफी दी।

### किन नियमों का उल्लंघन हुआ?

- ICC के नियम के अनुसार लीग में खेलने वाली हर टीम की प्लेइंग इलेवन में कम से कम 7 अमेरिकी खिलाड़ी होने चाहिए, लेकिन कई मैचों में 6-7 विदेशी खिलाड़ियों को उतारा गया।
- मैचों में ड्रॉप-इन पिचों का इस्तेमाल किया गया, जो बहुत ही खराब थीं। पिचें इतनी खराब थीं कि वहाब रियाज और टाइमल मिल्स को स्पिन गेंदबाजी करनी पड़ी, ताकि बैटर्स को चोट न लगे।
- लीग के अधिकारियों ने विदेशी खिलाड़ियों को मौका देने के लिए अमेरिका के इमिग्रेशन नियमों को भी तोड़ा गया। अमेरिका में स्पोर्ट्स कैटेगरी के वीजा के लिए 6 टीमों के लिए कम से कम 2 लाख US डॉलर लगते हैं। पैसे बचाने के लिए कई खिलाड़ी स्पोर्ट्स वीजा से नहीं आए।

# आईसीसी ने अल्जारी जोसेफ पर लगाया जुर्माना

**एजेंसी | दुबई**



वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्ज़ारी जोसेफ पर सेंट किट्स एंड नेविस में बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने को लेकर जुर्माना लगा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जोसेफ पर उनके मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। जोसेफ को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो 'श्रव्य अश्लीलता के उपयोग' से संबंधित है। इसके अलावा, जोसेफ के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक अवगुण अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए 24 महीने की अवधि में यह पहला अपराध था। यह मामला तब का है जब खेल से पहले उन्होंने चौथे अंपायर के साथ बातचीत में आपत्तिजनक और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। अंपायर ने जोसेफ को स्पाइक्स के साथ पिच पर कदम रखने से परहेज करने के लिए कहा था। जोसेफ ने अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के जेफ क्रो द्वारा प्रस्तावित मंजूरी को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर कुमार धर्मसेना और लेस्ली रीफर, तीसरे अंपायर आसिफ याकूब और चौथे अंपायर ग्रेगरी ब्रैथवेट ने जोसेफ पर आरोप लगाया था।

# आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल हुईं जॉर्जिया वोल




**एजेंसी | मेलबर्न**

भारत के खिलाफ प्रभावशाली पदार्पण श्रृंखला के बाद युवा खिलाड़ी जॉर्जिया वोल को मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। वोल ने भारत के खिलाफ पहले वनडे में शानदार शुरुआत की और ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाबाद 46 रन बनाकर आठ विकेट से जीत हासिल की।

इसके बाद उन्होंने दूसरे मैच में शानदार शतक बनाया और सिर्फ़ 87 गेंदों पर 101 रन बनाए। उनकी पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 371/8 का विशाल स्कोर बनाया, जो वनडे इतिहास में उनका तीसरा सबसे बड़ा स्कोर था। इसके बाद उन्होंने 122 रन से जीत दर्ज की।

# जीत की ओर कदम बढ़ाने उतरेंगे डी गुकेश

**एजेंसी | सिंगापुर**



भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 13वें दौर के मुकाबले में जीत दर्ज कर चैंपियन बनने के लिए कदम बढ़ाने के इरादे से उतरेंगे। गुकेश ने ड्रॉ का सिलसिला तोड़ते हुए रविवार को 11वें दौर में जीत दर्ज कर बढ़त बनाई थी, लेकिन सोमवार को 12वें दौर में लिरेन ने वापसी करते हुए गुकेश को हराया था। इस तरह फिलहाल दोनों खिलाड़ी छह-छह अंक की बराबरी पर हैं।

दिलचस्प मोड़ पर पहुंचा मुकाबला सबसे कम उम्र के चैलेंजर 18 वर्षीय गुकेश और चीन के 32 वर्षीय लिरेन के बीच दिलचस्प मुकाबला चल रहा है जिसमें कोई भी खिलाड़ी लंबे समय तक अपनी बढ़त कायम नहीं रख पाया है। एक दिन के विश्राम के बाद दोनों खिलाड़ी बुधवार को फिर से एक दूसरे का सामना करेंगे।

# विश्व कप 2034 की सऊदी अरब की मेजबानी पर मोहर लगाएगा फीफा

**एजेंसी | जिनेवा**



विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा बुधवार को अपनी विशेष बैठक में 2034 में होने वाले विश्व कप के मेजबान के रूप में सऊदी अरब के दावे पर अंतिम मोहर लगाएगा। इसके अलावा 2030 में होने वाले विश्व कप का आयोजन तीन महाद्वीप और छह देश में करने के फैसले की भी पुष्टि की जाएगी। इस विश्व कप की मेजबानी तीन देशों स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को सौंपी गई है लेकिन इसके तीन मैच दक्षिण अमेरिकी देशों में खेले जाएंगे। उरुग्वे ने 1930 में पहले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। वह 2030 में होने वाले विश्व कप के पहले मैच की मेजबानी भी करेगा। इससे पहले उद्घाटन समारोह अभी इसी देश में आयोजित किया जाएगा। उरुग्वे के अलावा अर्जेंटीना और पराग्वे भी 2030 में होने वाली प्रतियोगिता के एक-एक मैच की मेजबानी करेंगे। फीफा इसके लिए बुधवार को ज्यूरिख में एक विशेष कांग्रेस का आयोजन करेगा।



# इम्तियाज अली की अगली फिल्म में फहाद फासिल और तृप्ति डिमरी

'अमर सिंह चमकीला' की सफलता के बाद अब भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक और निर्माता इम्तियाज अली अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। इस फिल्म के जरिए दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता फहाद फासिल बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। इस फिल्म में फहाद की जोड़ी अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। अब फहाद और तृप्ति की आने वाली फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठ गया है।

### 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' है फिल्म का नाम

एक रिपोर्ट के मुताबिक, फहाद और तृप्ति की आगामी फिल्म का नाम 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' रखा गया है। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। इन दिनों इम्तियाज फिल्म की कहानी लिख रहे हैं। बता दें कि 'लैला मजनू' के बाद 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' तृप्ति और इम्तियाज के बीच दूसरा सहयोग होने वाला है, वहीं फहाद पहली बार इम्तियाज के साथ काम करने के लिए काफी उत्साहित हैं।




### 2026 में रिलीज होगी फिल्म

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इम्तियाज साल 2025 की पहली तिमाही में तृप्ति और फहाद के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। बता दें कि फहाद मलयालम सिनेमा के जाने-माने अभिनेता हैं। उन्होंने 'मालिक', 'विक्रम', 'आवेशम' और 'वेट्टैयान' जैसी फिल्मों में काम किया है। इन दिनों वह फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' को लेकर चर्चा में हैं।

# 'बागी 4' में नजर आएंगी सोनम बाजवा

पिछले लंबे समय से अभिनेता टाइगर श्रॉफ अपनी आगामी फिल्म 'बागी 4' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह साल 2016 में आई फिल्म 'बागी' की चौथी किस्त है। इस फिल्म के लिए टाइगर ने एक बार फिर निर्माता साजिद नाडियाडवाला से हाथ मिलाया है। बीते दिन निर्माताओं ने संजय दत्त का फिल्म की स्टार कास्ट में स्वागत किया था, वहीं अब खबर आ रही है कि सोनम बावजा भी 'बागी 4' की टीम में शामिल हो गई हैं।




### पहली बार नजर आएगी टाइगर और सोनम की जोड़ी

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'बागी 4' में मुख्य भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने सोनम से संपर्क किया है। कहा जा रहा है कि उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और उन्होंने इसके लिए हामी भी भर दी है। वह जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकती हैं। सोनम 'बागी 4' में टाइगर के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। 'बागी 4' के निर्देशन की कमान ए हर्ष ने संभाली है, जिन्होंने 'भजरंगी' और 'वेधा' जैसी कन्नड़ फिल्मों का निर्देशन किया है। साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म को 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। 'बागी' 2016 में रिलीज हुई थी, वहीं इसका सीक्वल 2018 में और तीसरा भाग 2020 में आया था। बता दें कि सोनम इन दिनों 'हाउसफुल 5' की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह फिल्म 6 जून, 2025 को रिलीज होगी।

# 'रामायण' में हनुमान बनेंगे सनी देओल

नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'रामायण' पिछले लंबे समय से चर्चा में है। ऐलान होने के बाद से ही यह फिल्म सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम तो साई पल्लवी माता सीता की भूमिका निभा रही हैं, वहीं हनुमान की भूमिका के लिए काफी समय से सनी देओल का नाम चर्चा में है। अब अभिनेता ने खुद इस खबर पर मुहर लगा दी है कि वह फिल्म की टीम में शामिल हैं। सनी ने फिल्म का हिस्सा होने और शूटिंग को लेकर अपडेट दिया। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'रामायण' भी हॉलीवुड फिल्म 'अवतार' और 'प्लेनेट ऑफ द एप्स' की तरह एक बिग बजट फिल्म है।' उन्होंने आगे कहा, 'फिल्म के निर्देशक इस बार को लेकर स्पष्ट है कि किसे किस तरह का रोल देना चाहिए।



## न्यूज़ ब्रीफ

### कर्नाटक में लिंगायत समुदाय ने की आरक्षण की मांग

**बेलगावी।** कर्नाटक के बेलगावी में मंगलवार को लिंगायत पंचमसाली समुदाय का आरक्षण की मांग को लेकर जारी प्रदर्शन हिंसक हो गया। पुलिस ने समुदाय के धार्मिक प्रमुख बसवजय मृत्युंजय स्वामीजी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज किया है। बताया जाता है कि प्रदर्शनकारी पुलिस द्वारा की गई बैरिकेडिंग को तोड़कर विधान सौध की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान लिंगायत पंचमसाली समुदाय के लोगों और सुरक्षाकर्मियों के बीच में झड़प की खबर सामने आई है। प्रदर्शनकारियों ने पहले ही कहा था कि अगर उनकी मांग को नहीं माना गया तो वे विधान सौध की घेराबंदी करेंगे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। इसके बाद पुलिस ने विपक्षी भाजपा के कई विधायकों और मृत्युंजय स्वामीजी के साथ-साथ उनके कई समर्थकों को एहतियातन हिरासत में ले लिया है।

### गोवा में चेक नागरिक पर मुकदमा दर्ज

**पणजी।** गोवा पुलिस ने 54 वर्षीय चेक नागरिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उस पर दोहा जाने वाली उड़ान में सवार होते समय प्रतिबंधित 'जीपीएस डिवाइस ले जाने का आरोप है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को उत्तरी गोवा के मोपा स्थित मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जांच के दौरान आरोपी मार्टिन पोल्स्नी के बैग में 'गार्मिन एज 540 जीपीएस डिवाइस (साइक्लोकंप्यूटर) मिला। पोल्स्नी को सोमवार को दोपहर डेढ़ बजे कतर एयरवेज की उड़ान से दोहा जाना था।

### आप सरकार के चलते दिल्ली की हालत बदहाल : गुप्ता

**नई दिल्ली।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा की आरोप पत्र समिति के संयोजक विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को समिति सदस्यों के साथ दस विधानसभा क्षेत्रों की चार्जशीट जारी की। मादीपुर, बुराड़ी, मॉडल टाउन, मुंडका, कालकाजी, गोकुलपुर, मालवीय नगर, आरके पुरम, नरेला और मोती नगर की चार्जशीट जारी करते हुए गुप्ता ने आरोप लगाए कि आप सरकार के चलते हालात बदहाल हैं। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों का पार्टी ने विशेष सर्वे कराया है। क्षेत्रीय विधायक के बारे में रायशुमारी कर चार्जशीट तैयार की है और उसे जनता के सामने रखा है।

### भारतीय इलाके में घुस आईं 2 बांग्लादेशी नाव

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के तहत एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सुरक्षाबलों ने भारतीय जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने में लिप्त दो बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नावों को जब्त कर लिया। इस कार्रवाई में 78 बांग्लादेशी मछुआरों को भी हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के हवाले से लिखा है कि भारतीय तटरक्षक पोत अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (IMBL) के पास नियमित गश्त पर था। इसने गश्ती के दौरान भारतीय समुद्री क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि का पता लगाया। जांच में पाया गया कि दो बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नावें, 'एफवी लैला-2' और 'एफवी मेघना-5', बिना अनुमति के भारतीय इलाके में मछली पकड़ रही थीं।

# INDIA ब्लॉक का धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

## 60 सांसदों ने किए दस्तखत

एजेंसी । नई दिल्ली





संसद के शीतकालीन सत्र का मंगलवार (10 दिसंबर) को 11वां दिन है। INDIA ब्लॉक ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने की तैयारी कर ली। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के जनरल सेक्रेटरी पीसी मोदी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया। इस नोटिस में कांग्रेस, TMC, AAP, सपा, DMK, CPI, CPI-M और RJD समेत कई पार्टियों के 60 सांसदों के दस्तखत हैं। विपक्ष का धनखड़ पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन चलाने का आरोप है। वहीं, मंगलवार को 11 बजे दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हुई। लोकसभा में हंगामे के चलते पहले 12 बजे तक सदन स्थगित कर किया गया। 12 बजे कार्यवाही शुरू होने के बाद भी अडाणी-जॉर्ज सोरोस मुद्दे पर हंगामा जारी रहा, स्पीकर ने बुधवार तक के लिए सदन स्थगित कर दिया। हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही भी बुधवार तक स्थगित कर दी गई।

## रिजिजू बोले- राहुल को छोड़कर सभी सांसद चर्चा चाहते हैं



रिजिजू बोले- राहुल के अलावा सभी सांसद चर्चा चाहते हैं, प्रियंका बोलीं- सरकार रोज सदन स्थगित करा रही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कोई भी मुद्दे हों, हम सदन की कार्यवाही बाधित नहीं करेंगे। सपा, TMC और कांग्रेस समेत कई पार्टियों के सांसद मेरे पास आए थे। पूरी कांग्रेस पार्टी राज्यसभा में चर्चा करना चाहती है, सिर्फ राहुल गांधी संसद की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेना चाहते। शायद उनका संसदीय लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। सभी सांसद चर्चा चाहते हैं, हर सांसद के लिए उनका संसदीय क्षेत्र अहमियत रखता है। राहुल के लिए कोई मुद्दा मायने नहीं रखता। इधर, प्रियंका गांधी ने कहा कि हम जो प्रदर्शन कर रहे हैं, वो बाहर कर रहे हैं। हम रोज कोशिश करते हैं, लेकिन वे (सरकार) चर्चा नहीं चाहते। रोज किसी न किसी बहाने सदन को स्थगित करा रहे हैं। संसद के बाहर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा, 'मैंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी इतना पक्षपाती सभापति नहीं देखा है। वे सत्ता पक्ष के सांसदों को नियम के विपरीत बोलने की छूट देते हैं, जबकि विपक्षी सांसदों को चुप कराते हैं।'

# 'बहुमत से चलेगा देश' कहने वाले जस्टिस शेखर यादव के बयान पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

- मीडिया रिपोर्ट के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान
- इलाहाबाद हाईकोर्ट से शीर्ष अदालत ने मांगा पूरा ब्योरा
- वीएचपी के कार्यक्रम में जस्टिस यादव ने दिया था भाषण



एजेंसी । नई दिल्ली

इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव के बयान का सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से जवाब मांगा है। दरअसल, विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक कार्यक्रम में जस्टिस शेखर यादव ने कहा था कि देश बहुसंख्यक के हिसाब से चलेगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, 'सुप्रीम कोर्ट ने समाचार पत्रों में छापे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश शेखर कुमार यादव के भाषण का संज्ञान लिया है। उच्च न्यायालय से ब्योरा मंगवाया गया है। मामला विचाराधीन है।

### वीएचपी के कार्यक्रम में दिया था भाषण

आठ दिसंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट के लाइब्रेरी हॉल में विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, लैंगिक समानता और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है। एक दिन बाद न्यायाधीश एक वीडियो सामने आया।

### शाहबानो केस का किया जिक्र

जस्टिस शेखर यादव ने कहा कि जब देश और संविधान एक हैं तो कानून एक क्यों नहीं है? अपने भाषण में जस्टिस यादव ने शाहबानो केस का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि तीन तलाक गलत है। मगर उस समय की सरकार को झुकना पड़ा।

## वायु सेना प्रमुख संयुक्त स्नातक परेड की करेंगे समीक्षा

एजेंसी । हैदराबाद

वायु सेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह 14 दिसंबर को हैदराबाद के पास डुंडीगल में वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड की समीक्षा करेंगे। सैन्य सटीकता से चिह्नित 214वें कोर्स का सीजीपी भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की विभिन्न शाखाओं में उड़ान कैडेटों के लिए प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण के सफल समापन का स्मरण करेगा। मंगलवार को एक रक्षा विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, यह सीजीपी भारतीय वायु सेना में हथियार प्रणाली शाखा के अधिकारियों के पहले बैच की कमीशनिंग का भी गवाह बनेगा।

# कर्नाटक में लोकायुक्त की कार्रवाई

## बेंगलुरु समेत पांच जगहों पर की छापेमारी

एजेंसी । बेंगलुरु




कर्नाटक में लोकायुक्त पुलिस कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर मंगलवार को नौ सरकारी अधिकारियों को निशाना बनाकर राज्य भर में छापेमारी कर रही है। कर्नाटक लोकायुक्त ने बेंगलुरु, कोप्पल, कलबुर्गी, चन्नापट्टन और गडग में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। कई सरकारी अधिकारियों के घरों, खेतों और अन्य परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने कहा कि बेंगलुरु इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड (बीईएससीओएम), पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, स्वास्थ्य, राजस्व, उत्पाद शुल्क, वन आदि सहित प्रमुख प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों पर कई जिलों में छापेमारी की जा रही है।

### सरकारी अधिकारी के घर पर छापेमारी

बेंगलुरु में जिन लोगों पर छापे मारे गए उनमें BESCOM, ईस्ट सर्कल के अधीक्षक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) लोकेश बाबू शामिल थे। सुरेश बाबू, वसंतपुरा में बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) वार्ड नंबर 197 के राजस्व निरीक्षक कृष्णप्पा, बीबीएमपी के येलहंका जोन के कर निरीक्षक और बेंगलुरु ग्रामीण के जिला स्वास्थ्य अधिकारी एम सी सुनील कुमार भी शामिल हैं। वहीं कर्नाटक के अन्य हिस्सों में, छापे में चन्नापटना में पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के पुलिस उपाधीक्षक नंजुंदैया को निशाना बनाया गया।

## एक्टर धर्मेंद्र को दिल्ली कोर्ट से नोटिस




एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली की एक कोर्ट ने गरम धरम ढाबा से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र और दो अन्य को समन जारी किया है। समन दिल्ली के एक व्यवसायी की शिकायत पर जारी किया गया है। इस व्यापारी का आरोप है कि उसे गरम धरम ढाबा की फ्रेंचाइजी में इन्वेस्ट करने का लालच दिया गया था, लेकिन उसके साथ धोखाधड़ी की गई। शिकायतकर्ता ने कहा कि अप्रैल 2018 में 2 अन्य आरोपियों ने धर्मेंद्र की तरफ से उत्तर प्रदेश में NH24 और NH9 पर ढाबा खोलने का ऑफर दिया था। शिकायतकर्ता ने सितंबर 2018 में आरोपियों को करीब 18 लाख रुपए का चेक दिया।

# कुलदीप सेंगर को एक और मामले में राहत

- दिल्ली हाईकोर्ट ने मेडिकल ग्राउंड पर दी अंतरिम जमानत



एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को बड़ी राहत दी है। अदालत ने कुलदीप सिंह सेंगर को 20 दिसंबर तक के लिए मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम जमानत दी है। कुलदीप सिंह सेंगर उन्नाव रेप पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में 10 साल की सजा काट रहा है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी ने मेडिकल ग्राउंड पर कुलदीप सिंह सेंगर की सजा को 20 दिसंबर तक के लिए अंतरिम रूप से निलंबित कर दिया।

इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्नाव रेप केस में जेल की सजा काट रहे कुलदीप सिंह सेंगर को दो हफ्ते की अंतरिम जमानत दी थी। दिल्ली हाई कोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर को एम्स में भर्ती होने और मेडिकल बोर्ड की देखरेख में जांच कराने का निर्देश दिया था। इससे पहले साल 2023 में कुलदीप सिंह सेंगर को बेटी की शादी में शामिल होने के लिए जमानत दी गई थी।

कुलदीप सिंह सेंगर पोक्सो मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। कुलदीप सिंह सेंगर ने मेडिकल ग्राउंड पर सजा के अंतरिम निलंबन की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अधिवक्ता कन्हैया सिंघल ने अपनी दलील में कहा कि कुलदीप सिंह सेंगर को इससे पहले पोक्सो मामले में मेडिकल ग्राउंड पर दो हफ्ते के लिए राहत दी गई थी। उनकी सजा पर अदालत ने दो हफ्ते के लिए अंतरिम रोक लगाई थी।

# पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर इंजीनियर ने की आत्महत्या

- 24 पेज के सुसाइड नोट में लगाए कई गंभीर आरोप



एजेंसी । बेंगलुरु

बेंगलुरु में एक 34 वर्षीय इंजीनियर ने पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। व्यक्ति का नाम अतुल सुभाष है और वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। अतुल सुभाष बेंगलुरु की एक प्राइवेट फर्म में बतौर इंजीनियर काम कर रहे थे। उसने 24 पन्नों का एक सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें उसने बताया कि कैसे उसकी पत्नी और पत्नी के रिश्तेदार उसे प्रताड़ित कर रहे थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि सुभाष का अपनी पत्नी के साथ पारिवारिक विवाद चल रहा था और उसकी पत्नी ने उत्तर प्रदेश में उसके खिलाफ कई वाद दायर किए हुए थे। आत्महत्या से पहले सुभाष ने लंबा वीडियो भी बनाया है। सुभाष ने अपने सुसाइड नोट को ईमेल के जरिए कुछ लोगों को भेजा और एक एनजीओ के व्हाट्सएप ग्रुप में भी शेयर किया। वीडियो को भी उसने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा- 'भारत में पुरुषों का कानूनी नरसंहार हो रहा है।'

### पत्नी को बताया आत्महत्या का जिम्मेदार

सुसाइड नोट में सुभाष ने बताया कि उसकी पत्नी ने उसके खिलाफ कई केस किए हुए थे और वही उसके आत्महत्या की जिम्मेदार है। सुभाष ने लिखा, 'मेरी पत्नी ने मुझ पर 9 केस किए हैं। 6 केस निचली अदालत में हैं और 3 हाईकोर्ट में हैं।' उसने बताया कि पत्नी ने सुभाष, उसके पिता और उसके भाई के खइलाफ 2022 में एक केस दाखिल किया था, जिसमें हत्या, दहेज प्रताड़ना, अप्राकृतिक संबंध जैसे आरोप थे।

# राष्ट्रीय टास्क फोर्स 12 हफ्तों में देगी रिपोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल प्रोफेशनल सुरक्षा पर मांगी सिफारिशें

एजेंसी । नई दिल्ली



देश के सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को पक्षों को निर्देश दिया कि वे लिंग आधारित हिंसा को रोकने और अस्पतालों में डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल विकसित करने पर अपनी सिफारिशें और सुझाव अदालत द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय टास्क फोर्स के साथ साझा करें। आरजी कर मेडिकल कॉलेज से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि एनटीएफ मंगलवार से 12 सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट विचारार्थ दाखिल करेगा। अब इस मामले में अगली सुनवाई 17 मार्च, 2025 को होगी।

जानकारी दें कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मद्देनजर मेडिकल पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए शीर्ष अदालत ने 20 अगस्त को एनटीएफ का गठन किया था। 10 दिसंबर को स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करते हुए, सीजेआई ने सुझाव दिया कि यदि मामले के बलात्कार और हत्या के मुकदमे में देरी होती है तो पक्ष पहले सुनवाई की मांग कर सकते हैं। अब इस मामले की सुनावई के लिए अगली तारीख 17 मार्च, 2025 की तय की गई है।

नवंबर माह में एनटीएफ ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए एक अलग केंद्रीय कानून की आवश्यकता नहीं है। पैनल ने यह भी कहा कि राज्य के कानूनों में भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत गंभीर अपराधों के अलावा दिन-प्रतिदिन के छोटे अपराधों को संबोधित करने के लिए पर्याप्त प्रावधान हैं। अपनी रिपोर्ट में एनटीएफ ने कहा कि देश के 24 राज्यों ने पहले ही स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के खिलाफ हिंसा को संबोधित करने के लिए कानून बनाए हैं, जिसके तहत स्वास्थ्य सेवा संस्थान और चिकित्सा पेशेवर शब्दों को भी परिभाषित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 17 सितंबर को कहा था कि वह मामले में सीबीआई की स्थिति रिपोर्ट में दिए गए निष्कर्षों से परेशान है, जबकि विवरण का खुलासा करने से इनकार करते हुए कहा कि कोई भी खुलासा चल रही जांच को खतरे में डाल सकता है।

# नहीं रहे बेंगलुरु को भारत की सिलिकॉन वैली बनाने वाले एसएम कृष्णा

- कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री, विदेश मंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एस एम कृष्णा का निधन

एजेंसी । बेंगलुरु



कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री, विदेश मंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एसएम कृष्णा का निधन हो गया। सोमवार देर रात करीब 2:45 बजे बेंगलुरु स्थित अपने घर पर उन्होंने अंतिम सांस ली। वे 92 साल के थे। उनके पार्थिव शरीर को मद्दुर ले जाया गया। कर्नाटक सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर 3 दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। इस दौरान राज्य में कोई समारोह या जश्न नहीं मनाया जाएगा।

### मैसूर में हुई स्नातक की पढ़ाई

एस एम कृष्णा का जन्म 1 मई, 1932 को कर्नाटक के मांड्या जिले के सोमनहल्ली में हुआ था। उनका पूरा नाम सोमनाहल्ली मल्लैया कृष्णा है। एस एम कृष्णा के पिता का नाम एस सी मल्लैया है। कृष्णा ने अपनी स्नातक की पढ़ाई मैसूर के महाराजा कॉलेज से की। फिर बैंगलोर के सरकारी कॉलेज से कानून की डिग्री ली। उच्च शिक्षा के लिए वे अमेरिका गए। वहां से स्नातक करने के बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानून में शिक्षण शुरू किया। अमेरिका में उनकी सक्रिय राजनीति में रूचि जगी। वहां उन्होंने जॉन एफ कैनेडी के राष्ट्रपति चुनाव का प्रचार किया। अमेरिका से लौटने के तुरंत बाद 1962 में उन्हें कर्नाटक विधानसभा का सदस्य चुना गया। 29 अप्रैल, 1964 को प्रेमा के साथ उनका विवाह हुआ। एस एम कृष्णा साल 1999 से 2004 कर्नाटक के मुख्यमंत्री रहे और वर्ष 2004 से 2008 तक महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे। 22 मई 2009 को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कृष्णा को केंद्रीय कैबिनेट में शामिल किया और 23 मई 2009 विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी।

# कराची में पैदा हुए शख्स को 43 साल बाद मिली भारतीय नागरिकता

एजेंसी । पणजी

कराची में पैदा हुए शख्स को 43 साल बाद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता मिली। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को कहा कि सीएए के तहत नागरिकता पाने वाला यह राज्य का दूसरा शख्स है। कराची में पैदा हुए शेन सबस्टियन परेरा जन्म के चार महीने बाद ही अपने माता-पिता के साथ गोवा लौट आया था। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकता पाने के लिए उन्हें 43 साल लग गए थे, लेकिन सीएए के तहत महज तीन महीने के आवेदन में उन्हें नागरिकता मिल गई। इस साल अगस्त में एक अन्य पाकिस्तानी नागरिक जोसेफ फ्रांसिस परेरा को भारतीय नागरिकता प्रदान करने के बाद, शेन यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले गोवा राज्य के दूसरे व्यक्ति हैं। सीएम प्रमोद सावंत ने शेन को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपा।

### भारतीय नागरिकता के लिए 43 वर्षों तक भटका



मूल रूप से उत्तरी गोवा के अंजुना में डेमेलो वाडो के रहने वाले शेन ने कहा कि उनके माता-पिता कराची चले गए थे, जहां उनका जन्म अगस्त 1981 में हुआ। उनके जन्म के चार महीने बाद, परिवार वापस गोवा चला गया, जहां उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। उन्होंने 2012 में भारतीय नागरिक मारिया ग्लोरिया फर्नांडीस से शादी की। उन्होंने कहा कि वर्षों से भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के उनके प्रयास असफल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आखिरकार, जोसेफ (परेरा) से प्रेरित होकर, मैंने नागरिकता के लिए फिर से आवेदन किया।'

# फ्लाइट में बम की अफवाह फैलाने वाला निकला आईबी अधिकारी

- रायपुर में हुई थी विमान की आपात लैंडिंग



एजेंसी । रायपुर

नवंबर में नागपुर से कोलकाता जा रहे इंडिगो के एक विमान में बम होने की सूचना मिली थी। इस सूचना के बाद फ्लाइट को रायपुर के लिए डायवर्ट कर दिया गया था। बाद में सघन तलाशी के बाद बम की खबर झूठी निकली थी। बम की झूठी सूचना साझा करने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया था। हालिया जांच में पता चला है कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति कथित तौर पर खुफिया ब्यूरो (आईबी) का अधिकारी है। इस बात की जानकारी अधिकारियों ने दी है।

दरअसल, 14 नवंबर को 187 यात्रियों से भरी फ्लाइट नागपुर से कोलकाता जा रही थी। इस फ्लाइट में अनिमेष मंडल नामक व्यक्ति ने कथित तौर पर इंडिगो फ्लाइट के उड़ान भरने के बाद क्रू को बताया कि विमान में बम है, जिसके बाद फ्लाइट को रायपुर डायवर्ट कर दिया गया। गहन जांच के बाद, सूचना निराधार पाई गई। फर्जी सूचना देने के आधार पर मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया था।